रोहतक
रविवार, 6 जुलाई, 2025
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष,
एकादशी वर्ष : 29, अंक : 156
पृष्ठ 14 मूल्य 3 .00

**मौसम**
अधि. 38.1
न्यून. 22.3

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

## एनसी क्लासिक चैंपियन नीरज

**बेंगलुरु।** हरियाणा के भाला फेंक सुपरस्टार नीरज चोपड़ा ने विश्व स्तरीय प्रतियोगिता की मेजबानी और उसमें प्रतिस्पर्धा करने के अपने सपने को साकार करते हुए 'एनसी क्लासिक' का खिताब जीत लिया। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता 27 साल के चोपड़ा ने अपने माता-पिता की मौजूदगी में श्री कांतीरवा स्टेडियम में अपने तीसरे प्रयास में 86.18 मीटर की दूरी के साथ खिताब अपने नाम किया। (खेल पेज भी देखें)




## खबर संक्षेप

### रक्षा मंत्रालय की 200 याचिकाएं खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने रक्षा मंत्रालय की 200 से अधिक उन याचिकाओं को खारिज कर दिया, जिसमें सशस्त्र बल न्यायाधिकरण के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें कई रक्षाकर्मियों को उनसे संबंधित दिव्यांगताओं के लिए दिव्यांगता पेंशन का हकदार माना गया था। भाषा

### दिल्ली: घर में चार एसी मैकेनिक मृत मिले

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के दक्षिणपुरी इलाके में एक घर में एसी की मरम्मत करने वाले चार लोग सोते हुए मृत पाए गए। पुलिस ने बताया कि ऐसी आशंका है कि एसी की सर्विसिंग में इस्तेमाल होने वाले रसायनों के रिसाव से निकली जहरीली गैसों के कारण दम घुटने से उनकी मौत हुई है। भाषा

### मूसेवाला के हत्यारे के भाई को गोलियों से भूना

**अमृतसर।** पंजाब के अमृतसर के मेहता के गांव चन्नन के में एक युवक की सरेआम गोली मारकर हत्या कर दी गई। मरने वाला गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या के आरोपी जगरूप सिंह रूपा का भाई बताया जा रहा है। मृतक जुगराज सिंह उर्फ तोता ने मौके पर ही दम तोड़ दिया था। भाषा

### बिहार में व्यवसायी खेमका की हत्या

**पटना।** बिहार के व्यवसायी गोपाल खेमका की यहां उनके आवास के निकट बाइ सवार हमलावर ने गोली मारकर हत्या कर दी। सात साल पहले हाजीपुर में बदमाशों ने उनके बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार रात करीब 11 बजकर 40 मिनट पर गांधी मैदान इलाके में गोपाल खेमका की हत्या कर दी गयी। अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा के लिए एक बैठक की और उस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को गोपाल खेमका हत्याकांड की जांच शीघ्र पूरी करने का निर्देश दिया। भाषा

## केंद्र सरकार ने लागू किया नया फार्मूला राजमार्गयात्रा नामक एप भी लॉन्च

# नेशनल हाईवे पर अब लगेगा आधा टोल, वाहन चालकों को बड़ी राहत, टोल की गणना दो तरीकों से की जाएगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) पर यात्रियों को बड़ी राहत देते हुए टोल टैक्स में 50% तक की कटौती की घोषणा की है। यह कटौती उन राजमार्गों पर लागू होगी जहां पुल, सुरंग, फ्लाईओवर या एलिवेटेड सड़कें जैसी संरचनाएं हैं। इस कदम से यात्रियों की यात्रा लागत कम होगी, खासकर उन लोगों के लिए जो लंबी दूरी की यात्रा करते हैं। सूत्रों के अनुसार टोल की गणना अब दो तरीकों से की जाएगी। इससे वाहन चालकों को बड़ी राहत मिलेगी। केंद्र सरकार का यह फार्मूला दो जुलाई से लागू हो चुका है। नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) के एक विरिष्ठ अधिकारी के अनुसार पुराने नियमों के चलते हर किलोमीटर में किसी स्पेशल इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए सामान्य टोल फीस का 10 गुना चार्ज देना पड़ता था। यह तरीका उस इंफ्रास्ट्रक्चर की लागत पूरा करने के लिए बनाया गया था। अब नए नियमों में यह टोल टैक्स करीब 50% तक घट जाएगा।

### नए नियम और अधिसूचना



- सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क नियम, 2008 में संशोधन करते हुए 2 जुलाई को एक नई अधिसूचना जारी की। इसके मुताबिक, टोल की गणना अब दो तरीकों से की जाएगी।
- **पहली :** संरचना की लंबाई का 10 गुना, संरचना (पुल, सुरंग, फ्लाईओवर) की लंबाई को 10 गुना करके बाकी सड़क की लंबाई में जोड़ा जाएगा।
- **दूसरी:** कुल लंबाई का 5 गुना, राजमार्ग के पूरे खंड (संरचना सहित) की लंबाई को 5 गुना किया जाएगा।
- इन दोनों में से जो भी कम होगा, उसी के आधार पर टोल शुल्क लिया जाएगा

### उदाहरण से ऐसे समझें

यदि किसी राजमार्ग खंड की कुल लंबाई 40 किलोमीटर है और वह पूरी तरह से संरचनात्मक (जैसे फ्लाईओवर या सुरंग) है, तो पुराना नियम : टोल 10×40 = 400 किलोमीटर के हिसाब से वसूला जाता था। अब नया नियम : अब टोल 5×40 = 200 किलोमीटर के आधार पर लिया जाएगा। इस तरह, टोल शुल्क में 50% की कमी आएगी, जिससे यात्रियों को सीधा आर्थिक लाभ होगा।

### इन्हें होगा सबसे ज्यादा फायदा

यह बदलाव विशेष रूप से उन यात्रियों और वाहन चालकों को लाभ पहुंचाएगा जो शहरी क्षेत्रों में बने रिंग रोड, बायपास या एलिवेटेड हाईवे का उपयोग करते हैं। लंबी दूरी की यात्रा करते हैं, जैसे दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे या द्वारका एक्सप्रेसवे।

### एप भी बताएगा, कहां टोल कम

एनएचएआई ने 'राजमार्गयात्रा' नामक मोबाइल एप भी लॉन्च किया है, जो सबसे कम टोल वाले रूट की जानकारी देता है। यह एप रियल-टाइम ट्रैफिक अपडेट, शिकायत दर्ज करने की सुविधा और अन्य अलर्ट प्रदान करता है। उदाहरण के लिए, दिल्ली से लखनऊ जाने वाले रास्तों में यह एप सबसे सस्ता रूट सुझाएगा।

## दिल्ली की अदालत का फैसला, ब्रिटेन में रह रहा है कारोबारी

# वाड्रा का करीबी हथियार डीलर संजय भंडारी भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा के करीबी ब्रिटेन में रह रहे हथियार डीलर संजय भंडारी को दिल्ली की एक विशेष अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर शनिवार को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित कर दिया। अदालत ने 'भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम, 2018' के तहत भंडारी को भगोड़ा घोषित किया है। इससे वाड्रा की मुश्किलें भी बढ़ सकती हैं। कोर्ट के इस आदेश से संघीय जांच एजेंसी को मजबूती मिली है, क्योंकि अब ईडी भंडारी की करोड़ों रुपये की संपत्ति कुर्क कर सकेगी। हाल ही में ब्रिटेन की एक अदालत ने भंडारी के प्रत्यर्पण के खिलाफ फैसला सुनाया था, जिसके बाद उसके भारत आने की संभावनाएं लगभग समाप्त हो गई हैं। वर्ष 2016 में आयकर विभाग द्वारा दिल्ली में छापेमारी के तुरंत बाद भंडारी (63) लंदन भाग गया था। आयकर विभाग ने काला धन रोधी अधिनियम, 2015 के तहत भंडारी के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया था, जिस पर संज्ञान लेते हुए ईडी ने फरवरी 2017 में उसके (भंडारी) और अन्य लोगों के खिलाफ धनशोधन का आपराधिक मामला दर्ज किया था। संघीय एजेंसी ने वर्ष 2020 में भंडारी के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया था।



### अब ईडी भंडारी की करोड़ों रुपये की संपत्ति कुर्क कर सकेगी

- भंडारी पर काला धन, मनी लॉन्ड्रिंग और विदेशों में अवैध संपत्ति के आरोप
- ईडी का दावा, रक्षा समझौतों में दलाली कर करोड़ों की कमाई की
- कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा की मुश्किलें भी बढ़ेंगी
- 2016 में लंदन भाग गया था, कई एंजेसियां कर रही जांच

### वाड्रा से संबंधों की भी हो रही जांच

ईडी, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाद्रा के पति और व्यवसायी रॉबर्ट वाद्रा के साथ भंडारी के संबंधों की भी जांच कर रही है। ईडी ने इस मामले में 2023 में एक पूरक आरोप पत्र दायर किया था, जिसमें आरोप लगाया गया कि भंडारी ने 2009 में लंदन में 12, ब्रायनस्टन स्क्वायर हाउस को 'अधिग्रहीत' किया और 'रॉबर्ट वाद्रा के निर्देशों के अनुसार इसका जीर्णोद्धार करवाया, जिसके लिए धन रॉबर्ट वाद्रा ने प्रदान किया'। वाद्रा ने प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से लंदन में किसी भी संपत्ति का मालिक होने से इनकार किया है।

### अब तक 16 लोग भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित

अदालत के इस आदेश के साथ ही शराब कारोबारी विजय माल्या और हीरा कारोबारी नीरव मोदी समेत कुल 16 लोगों को अलग-अलग अदालतों ने भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित कर दिया है। मोदी सरकार 2019 में 'भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम, 2018' कानून लेकर आई थी, जिसके तहत उन लोगों को न्याय के कठघरे में लाना था, जो कम से कम 100 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के बाद कानून के शिकंजे से बचने के लिए भारत छोड़ गए हैं। अब भारत इन्हें वापस लाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है।

### पीएनबी धोखाधड़ी: नीरव मोदी का भाई निहाल यूएस में गिरफ्तार

**नई दिल्ली (भाषा)।** अमेरिकी अधिकारियों ने ईडी और सीबीआई के प्रत्यर्पण अनुरोधों के आधार पर भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी के छोटे भाई निहाल मोदी को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि अमेरिकी अधिकारियों ने भारत को सूचित किया कि निहाल को हिरासत में ले लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि मामले की सुनवाई की अगली तारीख 17 जुलाई है और उस सुनवाई में निहाल जमानत का अनुरोध कर सकता है, लेकिन अमेरिकी अभियोजक इसका विरोध करेंगे। प्रवर्तन निदेशालय व सीबीआई द्वारा संयुक्त रूप से किये गये प्रत्यर्पण अनुरोध पर यह कदम उठाया गया। अमेरिकी अभियोजकों द्वारा प्रत्यर्पण की कार्यवाही दो आरोपों पर की गई, जिसमें धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए), 2002 की धारा 3 के तहत धन शोधन का एक मामला और दूसरा भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी (आपराधिक साजिश) व 201 (फरार होने) के तहत आपराधिक साजिश का मामला शामिल है। निहाल (46) पंजाब नेशनल बैंक से जुड़े कथित 13,000 करोड़ रुपये के धोखाधड़ी मामले में आरोपी है। यह मामला अब तक के सबसे बड़े धोखाधड़ी मामलों में से एक है। धोखाधड़ी का आरोप दोनों भाइयों (नीरव और निहाल मोदी) और उनके रिश्तेदार मेहुल चोकसी पर है। सीबीआई के आरोप-पत्र के अनुसार, नीरव मोदी ने अपनी कंपनियों के माध्यम से फर्जी 'लेटर ऑफ अंडरटेकिंग' (एलओयू) जारी करके पीएनबी से लगभग 6,498 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की थी।



ईडी, सीबीआई के प्रत्यर्पण अनुरोध पर कार्रवाई

# झूठ बोलने पर हिसार में एसआई समेत 3 सस्पेंड

मंत्री के काफिले को छोड़ निजी काम से मुंढाल गए थे पुलिसकर्मी

आते समय गढ़ी के पास पीसीआर की ट्रक से टक्कर हो गई थी

**हांसी/हिसार (हरिभूमि न्यूज)।** पीडब्ल्यूडी मंत्री रणबीर गंगवा के काफिले को एस्कॉर्ट करने वाली पायलट गाड़ी के दुर्घटनाग्रस्त होने के मामले में सब इंस्पेक्टर (एसआई )समेत 3 पुलिस कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया है। हांसी के एसपी यशवर्धन की जांच में सामने आया कि मंत्री की गाड़ी को एस्कॉर्ट करने के बाद पीसीआर स्टाफ अपने निजी काम से भिवानी के मुंढाल गांव चला गया था। वापस लौटते समय पीसीआर गाड़ी का ट्रक के साथ एक्सीडेंट हो गया। इस पर पुलिसकर्मियों ने झूठ बोलते हुए कहा कि वे मंत्री के काफिले से लौट रह थे तभी हादसा हुआ। लेकिन जांच में खुलासा हुआ कि पुलिसकर्मी मंडी के काफिले को एस्कॉर्ट करने के बाद निजी काम से गए थे। तभी राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित गढ़ी गांव के पास शुक्रवार अल सुबह हादसा हुआ था। अब क्षतिग्रस्त गाड़ी की मरम्मत पर होने वाला खर्च भी इन पुलिस कर्मियों से ही वसूल किया जाएगा।



### तीनों पुलिसकर्मी घायल हुए थे

एसपी यशवर्धन ने शनिवार को बताया कि 3-4 जुलाई की रात 12:43 बजे हांसी पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना मिली थी कि गांव गढ़ी के पास हांसी पुलिस की पीसीआर-2 दुर्घटनाग्रस्त हो गई और पीसीआर पर तैनात पुलिसकर्मियों सब इंस्पेक्टर राजकुमार, सिपाही विजय व एसपीओ धर्मपाल घायल हो गए थे। पुलिस ने मौके पर पहुंच घायलों को नागरिक अस्पताल हांसी में भर्ती करवाया। उपचार के दौरान पुलिस कर्मियों ने बताया था कि वो पीडब्ल्यूडी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा के काफिले को छोड़कर वापस जा रहे थे कि गढ़ी गांव के समीप आगे चल रहे ट्रक चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगाए जाने के चलते उनकी गाड़ी की ट्रक के साथ टक्कर हो गई।

**जांच में यह खुलासा**

एसपी अमित यशवर्धन ने कहा कि पीसीआर 2 ने पीडब्ल्यूडी मंत्री के काफिले को पायलट कर उन्हें 10:23 बजे पर रामायण टोल प्लाजा पर छोड़ दिया था। उसके बाद में ड्यूटी शहर थाना हांसी के एरिया में थी, लेकिन पीसीआर स्टाफ निजी कार्य से गाड़ी को लेकर गांव मुंढाल चले गए और वहां से लौटते समय गाड़ी को तेज रफ्तार से दौड़ाकर वापस हांसी की ओर आ रहे थे। तभी हादसा हुआ।

## क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर धोखाधड़ी

# रेवाड़ी में साइबर ठगी के सरगना समेत 4 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

साइबर थाना पुलिस ने फर्जी कॉल सेंटर चलाकर क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर लोगों से लाखों रुपये की ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के सरगना समेत 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों ने करीब 3 साल में ठगी की 100 से अधिक वारदातों को अंजाम दिया है। पुलिस ने उन्हें कोर्ट में पेश करने के बाद रिमांड पर लिया है। आरोपितों से 7 मोबाइल, लैपटॉप और कई दस्तावेज बरामद किए गए हैं।

पुलिस को दी शिकायत में फिदेड़ी निवासी अमित यादव ने बताया कि उसके मोबाइल पर एक कॉल आई थी। कॉल करने वाली महिला ने बताया कि वह आरबीएल बैंक से बोल रही है। उसकी मेल आईडी पर क्रेडिट कार्ड चार्जिज रिफंड करने का ओटीपी आया है। अमित ने मेल पर आया ओटीपी उसे बता दिया। इसके बाद उसके क्रेडिट कार्ड से 103300 रुपये का ट्रांजेक्शन हो गया। पुलिस ने 19 मई को केस दर्ज किया था।



**चलाते थे कॉल सेंटर**

### ये आरोपित गिरफ्तार

जांच के बाद पुलिस टीम ने दिल्ली के विकास नगर निवासी अजीत मांझी, सैनिक विहार मोहन गार्डन निवासी संदीप, विकास नगर दिल्ली निवासी संजय उर्फ लल्ला और बिहार के गांव जगतपुर निवासी बिकास को गिरफ्तार किया है। अजीत साइबर ठगी का मास्टर माइंड है, जो महिला की आवाज में बात करते हुए क्रेडिट कार्ड धारकों से ठगी करता था। संजय क्रेडिट कार्ड की फ्रेंचाइजीज में कार्य कर चुका है। वहीं, कार्ड की डिटेल उपलब्ध कराता था।

### बिहार में कई लोगों के बैंक खाते किए यूज

आरोपितों ने बिहार के कई लोगों के बैंक खाते कमिशन बेस पर यूज किए। खाता धारकों को 15 प्रतिशत कमिशन दिया जाता था। यह खाते बिहार निवासी बिकास उपलब्ध कराता था। बिकास दिल्ली के अजीत का रिश्तेदार है। शेष रकम आरोपित बांट लेते थे। रिमांड के दौरान पुलिस खाता धारकों का पता लगाकर उन्हें भी काबू करने का प्रयास करेगी।

### हम जांच कर रहे

साइबर थाना एसएचओ फूल कुमार की टीम ने कड़ी मेहनत की है। उनके नेतृत्व में एसआई नितिश कुमार ने कई दिनों तक गिरोह की गतिविधियों को रीड किया। इसके बाद ही आरोपितों को काबू किया है। हम जांच कर रहे कई और मामलों का खुलासा होगा। -डा. रविंद्र कुमार, डीएसपी।

## बस के ब्रेक फेल होने से पहलगाम रूट पर हादसा

# अमरनाथ यात्रा : चंदरकोट में काफिले की 5 बसों की आपस में भिड़ंत, 36 घायल

**रामबन(एजेंसी)।** जम्मू के रामबन में शनिवार को 5 बसों की टक्कर में 36 अमरनाथ तीर्थयात्री मामूली रूप से घायल हो गए। बसें जम्मू के भगवती नगर से दक्षिण कश्मीर के पहलगाम बेस कैंप के लिए जा रहे काफिले का हिस्सा थीं। दुर्घटना जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर चंद्रकूट के पास हुई। दुर्घटना एक बस के ब्रेक फेल होने के कारण हुई, जिसने बाद बस ने अन्य वाहनों को टक्कर मार दी। घायलों को तुरंत चिकित्सा सहायता दी गई। रामबन के डिप्टी कमिश्नर मोहम्मद अलयास खान ने बताया कि चंदरकोट लंगर स्थल के पास एक बस ब्रेक नहीं लगा सकी और यह चार अन्य बसों से टकरा गई। कुल 36 तीर्थयात्रियों को मामूली चोटें आई हैं। मरीजों का अस्पताल में इलाज किया गया। तीर्थयात्रियों के लिए आगे जाने के लिए वैकल्पिक वाहनों की व्यवस्था की गई है।



### चौथा जत्था रवाना, भगवती नगर में श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब

**जम्मू।** अमरनाथ यात्रा के लिए शनिवार को जम्मू के भगवती नगर बेस कैंप से चौथा जत्था भोले बाबा के दर्शन के लिए रवाना हुआ। सुबह के शांत और भक्ति भरे माहौल में 'बम बम भोले' और 'भोले बाबा की जय' के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। भारी बारिश के बावजूद 6,900 तीर्थयात्रियों के जत्थे में देखते ही जोश बन रहा था। इस जत्थे में 5196 पुरुष, 1427 महिलाएं, 24 बच्चे, 331 साधु और साध्वी तथा एक ट्रांसजेंडर शामिल है। यात्रा शुरू होने के दूसरे दिन शुक्रवार शाम 7 बजे तक 26,000 से ज्यादा श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा में हिम शिवलिंग के दर्शन कर लिए थे। शनिवार को यह संख्या बढ़कर 30 हजार हो गई है। अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू हुई थी।

## प्रदेश सरकार ने जारी की अधिसूचना

# श्रम विभाग की दस सेवाएं राइट-टू सर्विस के दायरे में

**चंडीगढ़।** प्रदेश सरकार ने श्रम विभाग की दस प्रमुख सेवाओं को हरियाणा सेवा का अधिकार अधिनियम, 2014 के अंतर्गत अधिसूचित किया है। मुख्य सचिव डॉ. अनुराग रस्तोगी ने शनिवार को इस संबंध में एक अधिसूचना जारी कर दी है।

- ठेका श्रम (विनियमन व उत्पादन) अधिनियम, 1970 (1970 का केंद्रीय अधिनियम 37) के उपबंधों के अधीन ठेकेदारों के लिए मुख्य नियोक्ता की स्थापना, लाइसेंस का पंजीकरण और नवीकरण 26 दिनों के भीतर किया जाएगा।
- कारखाना विभाग से योजनाओं का अनुमोदन अधिनियम, 1948 (1948 का केंद्रीय अधिनियम 63) के तहत लाइसेंस व लाइसेंस का नवीकरण 45 दिन में होगा।
- पंजाब दुकान और वाणिज्यिक प्रतिष्ठान अधिनियम, 1958 (1958 का पंजाब अधिनियम 15) के अंतर्गत पंजीकरण 15 दिनों में करना अनिवार्य होगा।
- भवन अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन एवं सेवा शर्त विनियमन) अधिनियम, 1996 (1966 का केंद्रीय अधिनियम 27) के तहत नियोजित प्रतिष्ठानों का पंजीकरण 30 दिनों में करें।
- अंतरराज्यीय प्रवासी कर्मकार (नियोजन विनियमन एवं सेवा शर्त ) अधिनियम, 1979 (1979 का केंद्रीय अधिनियम 30) के तहत मुख्य नियोक्ता की स्थापना का पंजीकरण 26 दिन में करें।
- सन्निर्माण कर्मकारों के पंजीकरण/नवीनीकरण के लिए 30 दिन व बोर्ड की विभिन्न योजनाओं के लाभों को वितरित करने को 90 दिनों की समय-सीमा तय।

## एक्सिओम-4 मिशन का दसवां दिन, आईएसएस पर कई प्रयोग जारी

# शुभांशु ने किया हड्डियों पर गुरुत्वाकर्षण के असर का अध्ययन, बीमारियों के इलाज में मिलेगी मदद

**नई दिल्ली (भाषा)।** अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और एक्सिओम-4 मिशन के अन्य यात्रियों ने एक दिन के अवकाश के बाद शनिवार को सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण स्थिति में हड्डियों में होने वाली प्रतिक्रिया पर शोध किया। इससे जानकारी मिली कि अंतरिक्ष में हड्डियां कैसे खराब होती हैं और पृथ्वी पर लौटने के बाद कैसे ठीक होती हैं। इस प्रयोग से ऑस्टियोपोरोसिस और हड्डी से जुड़ी अन्य बीमारियों के बेहतर इलाज में मदद मिल सकती है। शुक्ला ने इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) पर रेडिएशन के खतरे की निगरानी के लिए भी एक प्रयोग में हिस्सा लिया। इससे लंबे समय के स्पेस मिशन में एस्ट्रोनॉट को बेहतर सुरक्षा देने में मदद मिलेगी।



### सूक्ष्म जीवों पर प्रयोग पूरा : इसरो

इसरो ने एक बयान में बताया कि शुभांशु ने आईएसएस पर माइक्रोग्रैविटी में टार्डीग्रेड्स (एक तरह के सूक्ष्म जीव) पर आधारित प्रयोग भी पूरा किया। यह अध्ययन अंतरिक्ष में इन जीवों के जीवित रहने, दोबारा सक्रिय होने और प्रजनन व्यवहार पर केंद्रित था। जीव कठिन परिस्थितियों में कैसे जीवित रहते हैं और इसका लाभ धरती पर दवाओं के विकास में भी हो सकता है।

### 'स्पेस माइक्रो एल्गी' के नमूने स्थापित किए

एक्सिओम स्पेस के अनुसार, शुक्ला ने 'स्पेस माइक्रो एल्गी' नामक एक प्रयोग के लिए नमूनों को अंतरिक्ष में स्थापित किया। यह सूक्ष्म जीवाणु भविष्य में अंतरिक्ष में जीवन बनाए रखने में मदद कर सकते हैं, क्योंकि ये भोजन, ईंधन और सांस लेने लायक ऑक्सीजन देने की क्षमता रखते हैं। लेकिन ऐसा तभी संभव होगा, जब यह समझा जाए कि ये सूक्ष्म जीवाणु अंतरिक्ष में कैसे बढ़ते और खुद को ढालते हैं। शुक्ला और उनकी टीम मिशन के दौरान 60 वैज्ञानिक प्रयोगों में से कई पर काम कर रहे हैं और रविवार को वे एक्सिओम स्पेस की प्रमुख वैज्ञानिक लुसी लो से बातचीत करेंगे।



## खबर संक्षेप



### राज्यपाल ने सचिवालय में पौधरोपण किया

**चंडीगढ़।** पंजाब राज्यपाल और यूटी चंडीगढ़ प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने सीआईएसएफ इकाई पंजाब एवं हरियाणा सिविल सचिवालय चंडीगढ़ परिसर में पौधा लगाकर वन महोत्सव 2025 अभियान की शुरूआत की। इस मौके पर राज्यपाल ने कहा कि धरती पर ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगे होंगे तो पर्यावरण भी स्वच्छ रहेगा। इसलिए हर व्यक्ति को कम के कम एक पेड़ लगाकर उसकी देखभाल भी करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि इस मेगा वृक्षारोपण अभियान का उद्देश्य चंडीगढ़ की पर्यावरणीय स्थिति में और सुधार करना और हरियाली को बढ़ावा देना है।

### कर्मचारियों के हकों पर डाका डाल रही सरकार

**चंडीगढ़।** इनेलो कर्मचारी प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष और रोडवेज कर्मचारी एकता यूनियन के पूर्व राज्य प्रधान बलवान दोदवा ने बीजेपी पर आरोप लगाया है कि देश व प्रदेश में सत्तारूढ़ बीजेपी सरकार रिटायर्ड कर्मचारियों के हकों पर डाका डालने का प्रयास कर रही है जिसको किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कर्मचारी विरोधी नीतियों के कारण सरकार के खिलाफ एक बड़ा आंदोलन करने पर मजबूर होंगे, क्योंकि बीजेपी सरकार लगातार रिटायर्ड व सेवारत कर्मचारियों के हितों के साथ खिलवाड़ कर रही है।

### नारी शक्ति का उदाहरण बना स्वयं सहायता समूह

**चंडीगढ़।** हरियाणा के महेंद्रगढ़ के गांव बवानिया से निकली प्रगतिशील टैगोर स्वयं सहायता समूह की कहानी आज पूरे प्रदेश और देश की महिलाओं के लिए एक अमर प्रेरणा बन चुकी है। यह कहानी है बनारसी देवी और उनके समूह की उन मेहनती महिलाओं की है जिन्होंने अपने सामूहिक प्रयास, अटूट विश्वास और हरियाणा सरकार की दूरदर्शी नीतियों के सहयोग से आत्मनिर्भरता की एक नई इबारत लिखी है। आज यह समूह न केवल 300 से अधिक महिलाओं को सम्मानजनक रोजगार दे रहा है बल्कि उनके द्वारा निर्मित उत्पादों की ख्याति देश की सीमाओं को लांघकर अमेरिका और जापान जैसे दूर देशों तक पहुंच चुकी है।

### सशक्त उपस्थिति दर्ज करवा रहा हरियाणा

**चंडीगढ़।** देहरादून में आयोजित नागरिक उड्डयन मंत्री सम्मेलन में हरियाणा नागरिक उड्डयन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन तथा शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने राज्य का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जी के कुशल नेतृत्व और दूरदर्शिता के चलते आज राज्य का नागरिक उड्डयन विभाग नए आयाम छू रहा है। उनके स्पष्ट विजन और मजबूत इच्छाशक्ति के कारण ही हरियाणा अब एविएशन सेक्टर में राष्ट्रीय पटल पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करवा रहा है। दो दिवसीय संगोष्ठी का उद्देश्य सभी राज्यों के नागरिक उड्डयन विभागों के बीच समन्वय को सुदृढ़ करना था।

### वकीलों को केस दिलाने वाले पुलिस वालों की जांच हो

**गुरुग्राम।** जिला बार एसोसिएशन ने अधिवक्ताओं को केस दिलाने वाले पुलिसकर्मियों पर जांच करने की मांग की है। जिला बार एसोसिएशन ने इस आचरण की कड़ी निंदा की है। एसोसिएशन मानती है कि इससे पुलिस और कानूनी पेशे दोनों की ईमानदारी पर सीधा असर पड़ता है। बार एसोसिएशन ने अपने पत्र में कहा है कि कुछ पुलिसकर्मी कमिशन या अपने निजी स्वार्थ के लिए अधिवक्ता को केस दिलवाते हैं। इसके साथ ही एसोसिएशन का कहना है कि कुछ पुलिसकर्मी उन्हें अपने साथ अधिवक्ताओं के चैंबर तक लेकर आते हैं। ऐसा करने से सरकारी शक्ति का दुरुपयोग होता है।

---

भवन और अन्य सन्निर्माण से जुड़े श्रमिकों की योजना में घोटाले का मामला, सभी जिलों में होगी जांच

# विज ने दिए निर्देश- श्रमिक कार्य रसीद जांच के लिए कमेटी बनाएं डीसी, तीन महीने में रिपोर्ट दें

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

श्रममंत्री अनिल विज ने कहा कि राज्य में भवन व अन्य सन्निर्माण के कार्य से जुडे श्रमिकों के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाओं के संचालन में अनियमितताओं] घोटाले को देखते हुए प्रदेश के हर जिले में पंजीकृत श्रमिकों की कार्य रसीद का भौतिक सत्यापन और पड़ताल की जाएगी। सत्यापन के लिए उनके द्वारा संबंधित जिलों के उपायुक्तों को लिखित निर्देश जारी कर दिए गए हैं कि वे अपने-अपने जिलों में श्रमिक वर्क-स्लिप की जांच करने के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन करें, जिसमें श्रम विभाग का प्रतिनिधि व दो अन्य राजपत्रित नामित स्वतंत्र सदस्य होगें। यह समिति राज्य के प्रत्येक गांव/शहर मे भौतिक सत्यापन (वैरिफिकेशन) करके पंजीकरण प्रक्रिया व कार्य रसीद सत्यापन हेतु अपनाए गए मापदंडों को जांचने का कार्य करेगी और समितियां जांच रिपोर्ट तीन माह में प्रस्तुत करेगी।

विज ने मीडिया कर्मियों द्वारा भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण द्वारा संचालित योजनाओं में पाई गई अनियमित्ताओं को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि इन जिलों से रिपोर्ट आने पर मुझे लगता है कि यह कई सौ करोड़ का घोटाला चल रहा है, क्योंकि जो पात्र ही नहीं हैं वो पैसे का फायदा उठा रहे हैं और यह एक प्रकार से लूट है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की अनियमितताओं का मामला जब मेरे सम्मुख आया तो इस बारे में तीन सदस्यों की एक कमेटी का गठन किया गया। इस कमेटी द्वारा 6 जिलों (हिसार, कैथल, जीन्द, सिरसा, फरीदाबाद और भिवानी) की 3 महा (1 नवंबर 2024 से 31 जनवरी 2025) के दौरान सत्यापित की गई कार्य रसीदों की जांच की गई, जिसमें काफी अनियमितयाएं पाई गई और रिपोर्ट मुझे प्रस्तुत की गई। इस रिपोर्ट को देखकर मैं हैरान हो गया। इन सभी जिलों में यही खेल चल रहा है। इसलिए इनके खिलाफ कार्यवाही के आदेश दिए और महाधिवक्ता को भी लिखा गया कि दोषियों पर कार्यवाही की जाए।

### कई सौ करोड़ की वित्तीय हानि होने की संभावना : विज



मामले के खेल को पकडने के संबंध में विज ने बताया कि जब यह मामला मेरे सामने आया कि मजदूरों की 90 दिनों की कार्य रसीद का जो सत्यापन किया गया उसमें अगस्त 2023 से मार्च 2025 के बीच 1196759 मजूदरों की कार्य रसीद का सत्यापन किया गया, जो संभव नहीं लग रहा । इसमें ज्यादातर कार्य रसीद का सत्यापन फर्जी प्रतीत हो रहा था, जिसमें भ्रष्टाचार होने की सभावना बन रही थी। उन्होंने बताया कि इस अवधि के दौरान जिला हिसार के दौरान 145582 कार्य रसीद सत्यापित की गई, जिसमें एक कर्मचारी द्वारा अकेले 84741 आवेदनों को इन 3 मास में सत्यापित किया गया। इसी प्रकार, इस कर्मचारी द्वारा 2646 कार्य रसीद एक दिन में सत्यापित की गई है। ऐसे ही, फरीदाबाद के कर्मचारी द्वारा 2702 कार्य रसीदों का सत्यापन किया गया जिसमें से 1918 कार्य रसीद सोनीपत जिले से सम्बधित है। इस रिपोर्ट के अवलोकन से प्रतीत हुआ कि इनमें से ज्यादातर कार्य रसीद फर्जी श्रमिकों/कामगारों की बनाई गई है और ये सभी पंजीकृत कामगार विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ भी उठा रहे है, जिससे सरकार को कई सौ करोड़ रुपये की वित्तीय हानि होने की संभावना है।

### विशेष पार्टी के लोगों का फर्जी पंजीकरण



अनिल विज ने बताया कि इसका मतलब इस सारे मामले में किसी ने दुकान खोल रखी थी क्योंकि सारे हरियाणा के लोग एक ही जगह पर आकर किस प्रकार से पंजीकरण करवा लेंगें! उन्हें लगता है कि इसका मतलब वहां पर किसी पार्टी विशेष के लोगों का पंजीकरण किया गया है, जोकि लोग फर्जी तौर पर पंजीकृत हुए है और वे सरकार से लाभ उठा रहे है जबकि वे इसके हकदार नहीं है और सरकार को चूना लगाने का कार्य किया जा रहा है।

### विज बोले

### श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं को लाभ दे रही सरकार

अनिल विज ने बताया कि हरियाणा में भवन निर्माण में लगे श्रमिकों को विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं को लाभ प्रदान किया जाता है जिनमें मातृत्व लाभ 36 हजार रुपये, पितृव लाभ 21 हजार रुपये, पंजीकृत कामगार के बच्चों की शिक्षा हेतु दिए जाने वाले लाभों के अंतर्गत बच्चों की पहली कक्षा से उच्च शिक्षा तक की वार्षिक वित्तीय सहायता 8,000 रुपये से 20,000 रुपये तक, पंजीकृत कामगारों के मेधावी बच्चों के 10वीं/12वी की परीक्षा में 60 प्रतिशत से 90 प्रतिशत अंक प्राप्ति पर 21 हजार रुपये से 51 हजार रूपए छात्रवृत्ति, वास्तविक सरकारी खर्च के अनुसार कामगार के बच्चों को प्रोफेशनल व टेक्निकल कोर्स हेतु पूर्ण शैक्षणिक व्यय की प्रतिपूर्ति, कामगार के बच्चों को व्यवसायिक संस्थानों में हॉस्टल सुविधा हेतु 1 लाख 20 हजार रुपये तक सहायता राशि, पंजीकृत कामगार के बच्चों को व्यावसायिक कोर्स की कोचिंग हेतु 20 हजार रुपये से एक लाख रुपये तक सहायता राशि, पंजीकृत निर्माण कर्मकार की पुत्री के लिए इलैक्ट्रिक स्कूटर की खरीद के लिए 50 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि और मुख्यमंत्री श्रम योगी प्रतिभावान योजना के तहत लैपटॉप हेतु 49 हजार रुपये की राशि दी जाती है।

---

# एचसीएस अधिकारी करेंगे स्कूलों का निरीक्षण, सरकार ने लगाई ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

स्कूलों के आधारभूत ढांचे में सुधार एवं निरीक्षण के लिए अब आला अधिकारी स्कूलों का निरीक्षण करेंगे। निदेशालय में तैनात अधिकारी फील्ड में उतरकर स्कूलों की गतिविधियां, स्थिति, व्यवस्था और व्यावहारिकता का आकलन करेंगे। हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा के दो जुलाई के आदेशों की अनुपालना में निदेशक माध्यमिक शिक्षा विभाग हरियाणा जितेन्द्र कुमार आईएएस ने आदेश जारी करते हुए लिखा कि निदेशालय में तैनात एचसीएस अधिकारी फील्ड में उतरकर विद्यालयों का निरीक्षण करेंगे।निरीक्षण के दौरान विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं का जायजा लेंगे। इसके लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाकर उन्हें जिले अलॉट कर दिए गए हैं। ये अधिकारी विभिन्न विद्यालयों में जाकर मुख्यतः चार बिंदुओं पर निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट निदेशालय में प्रस्तुत करेंगे।

**इन बिंदुओं पर होगा निरीक्षण**

अपने आदेश में माध्यमिक शिक्षा विभाग के निदेशक जितेंद्र कुमार आईएएस ने बताया कि विद्यालयों का निरीक्षण करने वाली टीमें मुख्यतः चार बिंदुओं पर निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगी। अधिकारियों की टीम विभिन्न जिलों के स्कूलों में जाकर डिजिटल बोर्ड की उपयोगिता तथा विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को आबंटित टैब के उपयोग, आईसीटी लैब के रखरखाव एवं प्रयोग तथा लैंग्वेज लैब की उपयोगिता का निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण के उपरांत अपनी रिपोर्ट निदेशक माध्यमिक शिक्षा विभाग हरियाणा को प्रस्तुत करेंगे।

### तैयारी

### इन जिलों में ये करेंगे दौरा

निदेशालय द्वारा जारी पत्र के अनुसार एडिशनल डायरेक्टर मिड डे मिल एवं प्रशासन अमृता सिंह पंचकूला एवं यमुनानगर जिले के स्कूलों का निरीक्षण करेंगी, एडिशनल डायरेक्टर( प्रशासन) कमलप्रीत कौर कैथल, जींद और करनाल जिले के स्कूलों का निरीक्षण करेंगी। इसी प्रकार डायरेक्टर ममता कुरुक्षेत्र और अंबाला जिलों के स्कूलों का निरीक्षण करेंगी। जॉइंट डायरेक्टर सुरेंद्र सिंह हिसार फतेहाबाद और सिरसा जिले के स्कूलों का निरीक्षण करेंगे। ज्वाइंट डायरेक्टर संजीव कुमार महेंद्रगढ़ मेवात, पलवल और फरीदाबाद जिले के विद्यालयों का निरीक्षण करेंगे। स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर मयंक वर्मा पानीपत, सोनीपत, गुड़गांव और रेवाड़ी जिलों के स्कूलों का निरीक्षण करेंगे। ओएसडी एसीएस हिमांशु चौहान रोहतक, झज्जर, भिवानी और चरखी दादरी जिलों के स्कूलों का निरीक्षण करेंगे।

---

# वायु प्रदूषण कम करने को लेकर सीएक्यूएम ने हरियाणा और पंजाब सरकारों से की बैठक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने एनसीआर और आस-पास के क्षेत्रों में वायु प्रदूषण को कम करने की दिशा में समन्वित कार्रवाई में तेजी लाने के लिए एक ठोस प्रयास के अंतर्गत चंडीगढ़ में पंजाब और हरियाणा राज्य सरकारों के मुख्य सचिवों के साथ दो महत्वपूर्ण उच्च स्तरीय समीक्षा बैठकें कीं। इस अवसर पर आयोग के सदस्य और वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थिति रहे। इन समीक्षा बैठकों का उद्देश्य उक्त दोनों राज्यों में अंतर-विभागीय समन्वय को मजबूत बनाने के साथ-साथ क्षेत्र में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए प्रमुख क्षेत्रीय उपायों के कार्यान्वयन का मूल्यांकन करना है। हरियाणा सरकार के साथ बैठक के दौरान, 2025 में धान की पराली जलाने को खत्म करने की तैयारी पर चर्चा हुई।

### डीजल वाले ऑटो-रिक्शा को हटाने पर चर्चा

बैठक में वाहनों को लेकर स्वचालित नंबर प्लेट पहचान (एएनपीआर) कैमरा प्रणाली की स्थापना दिल्ली में प्रवेश करने वाली सभी बसों को स्वच्छ साधनों में स्थानांतरित करना, जिसमें अखिल भारतीय पर्यटक परमिट और अन्य सेवा व्यवस्थाओं के अंतर्गत संचालित बसें भी शामिल हैं, इसके अलावा ऐसी बसें जो पहले से ही निर्देश संख्या 78 और 81 के अंतर्गत आती हैं और दिल्ली में प्रदूषण फैलाने वाले परिवहन व वाणिज्यिक माल वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लागू करना। सभी डीजल-संचालित ऑटो-रिक्शा को चरणबद्ध तरीके से हटाने और अंतर-शहर बसों को स्वच्छ ऊर्जा में बदलने की प्रगति पर भी विचार-विमर्श किया गया।

# नई और पुरानी संसद घूमे निकायों के जनप्रतिनिधि

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़



देशभर से आए नगर पालिका, नगर परिषद के पार्षद और अध्यक्षों के 30 से अधिक प्रतिनिधियों ने आज नई दिल्ली में पुरानी और नई संसद का भ्रमण किया और म्यूजियम भी देखा। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला से सीधा संवाद किया और उनके विचार सुने। अधिकाश प्रतिनिधियों ने गुरुग्राम में हुए दो दिवसीय सम्मेलन जैसे सम्मलेन बार-बार करने और सबसे बड़ी पंचायत को देखने का अवसर दिलाने का भी अनुरोध किया। देश में पहली बार ऐसा नगरीय सम्मेलन करवाने पर उन्होंने हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष का भी विशेष रूप से आभार जताया और सम्मेलन में ग्रहण किए गए अनुभव साझा किए। कई पदाधिकारियों ने नगरीय परिषदों में भी अध्यक्ष की तर्ज पर पद बनाने और अलग से बजट जारी करने का भी अनुरोध किया। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने उक्त प्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे यहां से अपने क्षेत्र की जनता से सीधा संवाद करने और उनकी अपेक्षाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने का संकल्प लेकर जाएं। इस अवसर पर हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण एवं उपाध्यक्ष कृष्ण लाल मिड्ढा भी मौजूद रहे।

लोक सभा अध्यक्ष ने सभी प्रतिनिधियों का ऐतिहासिक संविधान सदन में पहुंचने पर आभार जताते हुए कहा कि यह सदन आजादी के स्वतन्त्रता सेनानियों और क्रांतिकारियों के बलिदान से हस्तांतरण हुआ।

---

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा बोले

# एक बार फिर बारिश ने खोली भाजपा सरकार की पोल



**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ने कहा है कि बारिश के मौसम में एक बार फिर बीजेपी सरकार की पोल खुल गई है। आज एक तरफ जहां, गलियों, सड़कों, हाईवे और खेतों में हर जगह लोगों को जलभराव का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दूसरी तरफ जहां तहां लगे कचरे के ढेर ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। इस सरकार की बदइंतजामी का हाल ये की हरियाणा के 6 नगर निगमों, 12 नगर परिषदों और 27 नगर पालिकाओं में कचरा उठाने व सफाई के टेंडर समाप्त होने के बाद नए टेंडर नही हुए। 45 शहरों में कचरा उठान का काम कई दिनों से बंद पड़ा है। 19,000 टन कूड़ा सड़कों पर बिखरा हुआ है। इस मौसम में सड़कों पर सड़ रहे कचरे से बीमारी फैलने की आशंका है।

सांसद कुमारी सैलजा ने उठाए सवाल

# प्रदेश में पानी, बिजली आपूर्ति और कानून व्यवस्था बिगड़ी



**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा शनिवार को टोहाना विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर पहुंची। वे क्षेत्र के 13 गांवों में जनसंपर्क करेंगी। इस दौरान सांसद ने कहा कि प्रदेश में पीने के पानी, बिजली आपूर्ति और कानून व्यवस्था की समस्या सबसे गंभीर बनी हुई है पर सरकार इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है। सरकार की नीतियां जनविरोधी रही है, किसानों की अनदेखी शुरू से ही करती आ रही है। भाजपा राज में एक बात साफ हो गई है कि भाजपा बात करते है, वायदे करती है और बाद में भूल जाती है, जनता को धर्म और जाति के नाम पर बांटकर गुमराह कर रही है। सैलजा ने कहा कि सिरसा लोकसभा क्षेत्र में वे जहां भी गई हर जगह पीने के पानी, सिंचाई पानी, बिजली, अपराध की शिकायतें सबसे ज्यादा आई।

# निर्दोष जीवों के लिए न्याय की पहल, एसपीसीए के अमानवीय हालात पर कोर्ट में याचिका दायर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

सहजीवी ट्रस्ट द्वारा दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने अंतरिम आदेश जारी करते हुए यूटी प्रशासन को निर्देश दिया है कि रायपुर कलां में एनिमल बिरथ कंट्रोल सेंटर में रखे गए सोसाइटी फॉर प्रिवेंशन ऑफ क्रुएल्टी अगेंस्ट एनिमल्स (एसपीसीए) के जानवरों को उचित आहार, आवश्यकतानुसार इलाज, स्वच्छ व ताजा पानी और हवादार आवासीय व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए। यह आदेश माननीय मुख्य न्यायाधीश और माननीय न्यायमूर्ति संजीव बेरी की खंडपीठ द्वारा 3 जुलाई को पहली सुनवाई में दिया गया। अगली सुनवाई 29 जुलाई को निर्धारित है। सहजीवी ट्रस्ट ने वरिष्ठ अधिवक्ता आनंद छिब्बर के माध्यम से, जिनकी सहायता में अधिवक्ता अतीवराज संधू और अर्जुन छिब्बर रहे, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दाखिल की है। आनंद छिब्बर ने अदालत के समक्ष रायपुर कलां एनिमल बिरथ कंट्रोल सेंटर में जानवरों के रखरखाव की भयावह स्थिति प्रस्तुत करते हुए बताया कि 2020 में एसपीसीए में एनिमल वेलफेयर बोर्ड ऑफ इंडिया की रिपोर्ट में गंभीर अनियमितताओं को दर्शाया गया था, लेकिन पांच वर्षों में कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। याचिका में आग्रह किया गया है कि रायपुर कलां में जानवरों को खुले क्षेत्र में घूमने ले जाया जाए। याचिका में दवाइयों और आहार के बजट आवंटन, लापरवाही की जांच की बात भी कही है।

---

गेंद कांग्रेस हाईकमान के पाले में सभी की नजरें राहुल गांधी की ओर

# कांग्रेस जिला अध्यक्षों के नामों का ऐलान अगले सप्ताह, बदले जाएंगे पीसीसी चीफ

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

प्रदेश कांग्रेस के नेताओं की नजरें अब कांग्रेस हाईकमान की ओर लग गई हैं। जिला अध्यक्षों की नियुक्ति के लिए छह-छह नामों के पैनल की सूची दिल्ली हाकमाईमान के पास पहुंच जाने के बाद से अब दिल्ली की ओर सभी की नजरें लगी हुई हैं। अहम बात यह है कि अगले सप्ताह किसी भी वक्त जिला अध्यक्षों के नामों का एलान किए जाने की तैयारी है। उसके पहले प्रदेश के अंदर सोशल इंजीनियरिंग और जातिगत समीकरण बैठाने को लेकर होमवर्क किया जा चुका है। बड़ी बात यह है कि कांग्रेस पार्टी संगठन को मजबूत करने के क्रम में जल्द ही पीसीसी चीफ के लिए भी नया चेहरा देने की तैयारी में है। खास बात यह है कि दिल्ली दरबार में गणेश परिक्रमा करने वाले कई नेताओं के नामों पर मंथन किया जा रहा है। बता दें कि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत हार में बदल जाने और भाजपा की हैट्रिक लग जाने के बाद से ही कांग्रेस में कलह का दौर शुरु हो गया था।पार्टी हरियाणा मामलों के प्रभारी दीपक बाबरिया ने खुद ही इस्तीफे की पेशकश कर दी थी, बाद में हाईकमान ने प्रदेश की कमान भी उन्हें बदलकर बीके हरि प्रसाद को दी थी क्योंकि प्रभारी को लेकर भी कईं तरह के कलह-क्लेश कांग्रेस में हो चुके थे और प्रसाद के प्रदेश में आने के बाद में बड़े बदलाव की तैयारी दिखाई देने लगी थी, लेकिन मामला लगातार टलता गया। सूबे में फिलहाल, ना तो नेता विपक्ष है, ना ही एक दशक से ज्यादा समय से प्रदेश के अंदर कांग्रेस का संगठन था। इसके अलावा विस में हार और पीसीसी चीफ के खुद चुनाव हार जाने के बाद में चौ. उदयभान पर भी इस्तीफा का दबाव है। साथ ही प्रदेश अध्यक्ष उदयभान नैतिक जिम्मेदारी लेने से भी बचते रहे हैं, हालांकि उन्होंने हाईकमान पर इस संबंध में कोई भी फैसला लेने की बात छोड़ी हुई है।

### कांग्रेस हाईकमान ने दिए बदलाव के संकेत



*कुल मिलाकर पहले जिला अध्यक्षों की सूची और उसके बाद में प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए नए चेहरे पर मुहर लगाई जा सकती है। यहां पर बता दें कि प्रदेश और हाईकमान के पर्यवेक्षकों ने हर जिले में अपना काम निपटाकर बीती 30 जून तक रिपोर्ट हाईकमान के पास भेज दी थी। जिस पर राहुल अंतिम फैसला लेने की तैयारी में हैं। पर्यवेक्षकों द्वारा पैनल तैयार कर रिपोर्ट दे दिए जाने के बाद से गेंद अब हाईकमान के पाले में हैं। राहुल गांधी खुद जिला अध्यक्षों के नामों पर मंथन कर खुशखबरी सुनाने की तैयारी में हैं। यहां बता दें कि गत पिछले कईं दिनों से पर्यवेक्षकों को साफ कर दिया गया था कि समय सीमा के अंदर अर्थात 30 जून तक अपनी रिपोर्ट दें। सभी जिलों ने प्रक्रिया को पूरा कर लिया व रिपोर्ट भी दी। कांग्रेस मामलों के प्रभारी बीके हरिप्रसाद ने 30 जून तक हर सूरत में अपनी सर्वे और फीडबैक रिपोर्ट, हर जिले से छह नामों का पैनल देने को कहा था।*

### इनके नाम चल रहे

दिल्ली दरबार में आए दिन नजर आने व परिक्रमा करने वाले कुछ नेता खुद की ताजपोशी के चक्कर में हैं। इन चेहरों की बात करें, तो दलितों में पूर्व मंत्री व विधायक गीता भुक्कल का नाम, सांसद अंबाला वरुण चौधरी दलित नेता हैं। लेकिन उनकी गिनती भी हुड्डा खेमे के खासम खास नेताओं में होती है। इसके अलावा सांसदों में बड़ा नाम रणदीप सिंह सुरजेवाला और सांसद रोहतक दीपेंद्र हुड्डा का भी चल रहा है। ओबीसी कार्ड को लेकर खेल हुआ, तो विधायक राव दान सिंह को जिम्मेदारी की भी चर्चा है। उनकी गिनती भी हुड्डा के करीबियों में होती है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के पद पर पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा का नाम भी लिया जा रहा है। डॉ. रघुबीर कादियान को भी विधायक दल के नेता के लिए दावेदार माना जाता है।

**राजकीय उच्च विद्यालय व राजकीय प्राथमिक पाठशाला, सुधराना (रेवाड़ी)**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है जिला रेवाड़ी के खंड नाहड़ के गांव सुधराना में स्थित रा० प्रा०पा० व रा०उ०वि० के लोक निर्माण विभाग द्वारा कंडम घोषित इमारत के कुल 16 कमरों (बाह्य चार दिवारी को छोड़कर) की नीलामी दिनांक 14-07-2025 को प्रातः 10 बजे होनी है। जिसमें बोलीदाता को धरोहर राशि 20,000/- (बीस हजार रूपये) नकद बोली के समय जमा करानी होगी। बोली छूटने पर बोलीदाता द्वारा 25 प्रतिशत राशि मौके पर व 75 प्रतिशत राशि एक सप्ताह के भीतर जमा करानी होगी। बोली से सम्बन्धित अन्य शर्तें मौके पर बताई जायेंगी। इच्छुक फर्में समय पर रा० प्रा०पा० व रा० उ० वि० सुधराना की पुरानी इमारत पर पहुंचकर बोली में भाग ले सकती हैं।

**निवेदक : भवन नीलामी कमेटी सुधराना**
**फोन नंबर 9466023010, 9416857141, 9996667233**

**HARYANA CRICKET ASSOCIATION**
(Company formed under section 8 of the Companies Act 2013)
7 Ashok Road, Vijay Nagar, Bhiwani, Haryana

**TENDER NOTICE**

HCA, Invites sealed tenders for the following work :-

| | |
|---|---|
| Tender No. and Date | HCA/2025-26/1005-05/07/2025 |
| Authority | CEO, Haryana Cricket Association. |
| Description of Work | Selection of an Agency for Construction of International Cricket Stadium at Lohat, Jhajjar, Haryana for Haryana Cricket Association. |
| Estimated Project Cost | ₹ 186.72 Cr. (Rupees One Eighty-Six Point Seven Two Crore only) |
| Earnest Money Deposit (EMD) | ₹ 2 Cr. (Rupees Two Crores only) |
| Contract Period | 24 Months |
| Bid Evaluation Criteria | QCBS (Quality and Cost Based Selection) |
| Sale of Tender Document | From 05/07/2025, 15.00 Hrs. to 16/07/2025, 11.00 Hrs. at 7 Ashok Road, Vijay Nagar, Bhiwani, Haryana |
| Pre-bid Meeting | 18/07/2025 at 11:00 Hrs. |
| Last Date of Tender Submission | 26/07/2025 before 12:15 Hrs. |
| Date of Online Presentation | 30/07/2025 after 09:30 Hrs. |
| Date of Opening Financial Bids | 30/07/2025 at 15:00 Hrs. in presence of tenderer |
| Cost of Tender Document | ₹ 50,000.00 (Rupees Fifty Thousand) + 5% GST |
| Mode of Payment for Tender Document | Draft only favoring Haryana Cricket Association payable at Bhiwani, Haryana |

For Haryana Cricket Association
CEO

### आईएमटी रोजका मेव में किसानों व प्रशासन के बीच दिन भर चला हाई वोल्टेज ड्रामा

# दोनों पक्षों के बीच घंटों चली बैठक के बाद भी नहीं बनी सहमति, किसान बोले- पड़ाव डालेंगे व लंगर लगाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नूंह

- किसानों की महापंचायत को देखते हुए आईएमटी में कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए थे

शनिवार को आईएमटी रोजका मेव में किसानों एवं पुलिस व प्रशासन के बीच दिन भर चला हाई वोल्टेज ड्रामा शाम को बिना किसी नतीजे के थम गया। कई घंटे तक उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा एवं पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार के साथ 9 गांव के किसानों के 18 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल की कई घंटे तक एचएसआईआईडीसी के कार्यालय में वार्ता हुई, लेकिन किसी प्रकार की कोई सहमति नहीं बन पाई। इसके बाद किसानों ने अब आईएमटी रोजका मेव का विकास कार्य रोकने तथा टेंट लगाकर वहीं पर रुकने का फैसला ले लिया है। किसानों ने दो टूक कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा के पदाधिकारी भी नौ गांव के किसानों के साथ इस पड़ाव में शामिल रहेंगे। यहीं पर टेंट लगेगा और यहीं पर लंगर चलेगा।
दूसरी तरफ उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान दो टूक कहा कि किसानों के द्वारा हलफनामा नाम रद्द करने की मांग के साथ - साथ बढ़ा हुआ मुआवजा ब्याज सहित देने के मामले में आगे कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई जाएगी। लेकिन किसानों को जहां तक स्किल सेंटर खोलना, प्लॉट देने, पार्क की इत्यादि की जो जमीन देने का वायदा उनसे कई बैठकों के दौरान किया गया था। उस पर अगर किसान राजी हैं तो उस दिशा में तेजी से काम किया जा सकता है ताकि यहां के बच्चों को रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकें। कुल मिलाकर शनिवार को किसानों ने महापंचायत का ऐलान किया था, जिसे देखते हुए भारी सुरक्षा के इंतजाम आईएमटी रोजकामेव में किए गए । जब किसान - पुलिस, आमने - सामने हुई तो जिले के दोनों आला अधिकारी भी आईएमटी पहुंच गए। सुलह की पूरी कोशिश की गई, लेकिन वार्ता के बाद भी नतीजा नहीं निकला।



नूंह। आईएमटी में महापंचायत में जुटे किसान व महिलाएं।


नूंह। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैनात किया पुलिस बल।

### नौ गांव की 1600 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया गया था

आपको बता दें कि कांग्रेस शासन काल के समय नूंह विधानसभा के नौ गांव की तकरीबन 1600 एकड़ भूमि का अधिग्रहण आईएमटी रोजकामेव के लिए किया गया था। उस समय किसानों को जो मौजूदा दिया गया था, उनसे हलफनामा लिया गया था। उस हलफनामा में किसानों के सभी कानूनी अधिकार छीन लिए गए थे। उसके बाद से ही किसान अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। मौजूदा दौर की बात करें तो तकरीबन 15 महीने से किसान अपनी मांगों को लेकर धरना - प्रदर्शन कर रहे हैं। कई बार उनकी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के अलावा जिले के प्रशासनिक अधिकारियों से बैठक हो चुकी है, लेकिन उनकी मांगों का हल नहीं हो सका। वहीं इस दौरान एक नया विवाद खड़ा हो गया। भारतीय किसान यूनियन युवा प्रदेश अध्यक्ष रवि आजाद को एक फोन पर धमकी दी गई। धमकी देने काआरोप किसान नेता आजाद खेड़ी कंकर पर लगा है।

### बेटी से छेड़छाड़ की शिकायत पर कार्रवाई न होने से नाराजगी

# महिला ने पुलिस चौकी के बाहर जहर खाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

- जहरीला पदार्थ खाने से पहले बनाई वीडियो, हालत गंभीर

छेड़छाड़ की शिकायत पर कार्रवाई न होने से आहत महिला ने पुलिस चौकी के सामने जहरीला पदार्थ खा लिया। जहरीला पदार्थ खाने से पहले महिला ने वीडियो भी बनाई। जिसमें उसने पुलिस पर मामले में गंभीर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। सूचना मिलते ही पुलिस ने महिला को अस्पताल पहुंचाया। जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

#### इंसाफ नहीं मिला

जानकारी के अनुसार हमीदा क्षेत्र निवासी एक महिला ने पुलिस चौंकी के सामने जहरीला पदार्थ खाने से पहले वीडियो बनाकर बताया कि उसके पड़ोस के लोग स्मैक बेचने का धंधा करते हैं और उसे भी इसमें शामिल होने के लिए दबाव बना रहे थे। जब उसने आरोपियों को विरोध किया तो न केवल उसके साथ मारपीट की गई बल्कि उसकी नाबालिग बेटी के साथ भी अश्लील हरकतें की गईं। पीड़िता ने बताया कि उसने चौकी से लेकर जिले के उच्चाधिकारियों तक कई बार शिकायत दी लेकिन उसे इंसाफ नहीं मिला। पुलिस द्वारा कार्रवाई न होने से वह परेशान हो चुकी है। जिस कारण वह चौकी के बाहर जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर रही है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने महिला को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

#### जून में पड़ोसियों से हुआ था झगड़ा

जानकारी के अनुसार 17 जून को भी दोनों पक्षों में झगड़ा हो गया था। दोनों ही पक्षों ने एक दूसरे पर स्मैक बेचने का आरोप लगाया था। जिसके बाद दोनों पक्षों में मारपीट भी हुई थी। हमीदा चौकी पुलिस ने दोनों पक्षों के 10 से ज्यादा लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। उस केस में जहर खाने वाली महिला भी शामिल है।

## विदेशी नंबर से व्हाट्सएप कॉल कर व्यापारी से मांगी 50 लाख की रंगदारी

- पैसे न देने पर दी जान से मारने की धमकी, केस दर्ज

**यमुनानगर।** जिले के कस्बा छछरौली के एक व्यापारी को विदेशी नंबर से व्हाट्सएप कॉल करके किसी ने 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी है। पैसे न देने पर आरोपी को जान से मारने की धमकी भी दी गई। मामला 25 जून का है। पुलिस ने देर शाम मामले की जांच के बाद धमकी देने वाले आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार छछरौली निवासी तरूण कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका खुद का बिजनेस है। 25 जून को सुबह 11 बजे वह काम कर रहा था। इस दौरान उसके पास विदेशी नंबर से व्हाट्सएप कॉल आई। आरोपी ने खुद को सूर्य प्रताप सिंह बताया। आरोपी ने उससे 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी। पैसे न देने पर उसे जान से मारने की धमकी दी गई। कॉल सुनकर वह डर गया। उसने मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद देर शाम आरोपी सूर्य प्रताप सिंह के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

उधर, सब इंस्पेक्टर सुभाष का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

## अरुण का यूएस में हुआ अंतिम संस्कार

**कैथल।** कैथल से अमेरिका गए दो युवकों की सड़क हादसे में अमेरिका में मौत के बाद शनिवार को युवक अरुण का अंतिम संस्कार किया गया। करनाल के विशाल के शव का संस्कार करवाने के लिए अभी फैसला नहीं आया है। दोनों की 21 जून को अमेरिका के कैलिफोर्निया में हुए सड़क हादसे में मौत हो गई थी। ये हादसा उस वक्त हुआ, जब दोनों युवक अपनी जगुआर कार से घूमने जा रहे थे। कार की रफ्तार तेज थी, जो बेकाबू होकर पलट गई। फिर पलटी खाते हुए सामने से आ रहे ट्रक से जा टकराई। ट्रक से टक्कर लगते ही कार में आग लग गई थी, जिसमें दोनों युवक जिंदा जल गए। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड ने किसी तरह आग पर काबू पाया। इसके बाद दोनों को निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। वहीं अब इस मामले में नई जानकारी सामने आ रही है।

## कार की टक्कर में स्कूली बच्चों को ले जा रहा ऑटो पलटा, तीन घायल


**फरीदाबाद।** दो नंबर चौक पर शनिवार सुबह एक कार ने स्कूली बच्चों को लेकर जा रहे ऑटो में टक्कर मार दी। घटना में तीन बच्चों को चोट आई है। बताया जा रहा है कि कार सवार नशे की हालत में था। कार ड्राइवर मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार हादसा सुबह करीब 7:30 बजे हुआ। ऑटो चालक लक्ष्मण शर्मा स्कूली बच्चों को लेकर स्कूल जा रहा था। तभी एक कार ने ऑटो को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ऑटो पलट गया। ऑटो में कुल 6 बच्चे सवार थे, जिनमें से तीन बच्चों को हल्की चोटें आई हैं। ऑटो चालक लक्ष्मण शर्मा ने बताया कि नर्सरी, तीसरी, छठी, नौवीं और बारहवीं कक्षा के बच्चे ऑटो में थे। नर्सरी के बच्चे के सिर में हल्की चोट लगी हैए नौवीं की बच्ची के कंधे में और छठी के छात्र के पैर में हल्की चोट आई है। बारहवीं के दोनों बच्चे सुरक्षित हैं। लक्ष्मण ने बताया कि कार चालक शायद नशे में था। टक्कर के बाद वह कुछ देर रुका, लेकिन मदद करने की बजाय यह कहकर चला गया कि मेरा कोई कुछ नहीं कर सकता। वहां मौजूद लोगों ने कार का नंबर नोट करने की कोशिश की लेकिन सही से नंबर नोट नहीं हो पाया।

## व्हाट्सएप पर डीसी का फोटो लगाकर 50 हजार मांगने का आरोपी गिरफ्तार



- एंथोनी एक दिन के पुलिस रिमांड पर
- एक आरोपी पुलिस पहले ही गिरफ्तार हो चुका

**फरीदाबाद।** डीसी का फोटो लगाकर 50 हजार रुपये मांगने वाले दूसरे आरोपी एंथोनी को दिल्ली से पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसको एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। जानकारी के अनुसारए डीसी कार्यालय में काम करने वाले एक कर्मचारी ने साइबर थाना सेंट्रल पुलिस को दी शिकायत में बताया है किए उसके नंबर पर एक अनजान नंबर से वॉट्सऐप पर मैसेज आया। जिसमें उससे 50 हजार रुपये की मांग की गई। उसने देखा कि नंबर पर फरीदाबाद के डीसी विक्रम सिंह का फोटो लगा हुआ है, तो वह हैरान रह गया। जिसके बाद उसने इस मामले शिकायत साइबर थाना सेंट्रल पुलिस को दी। पुलिस ने इस मामले की जांच करते हुए एक दूसरे आरोपी को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान एंथोनी निवासी मणिपुर के रुप में हुई है। वह फिलहाल दिल्ली के मुनीरका इलाके में रह रहा था। जांच में सामने आया है कि आरोपी ने अपने साथी जमतीन खुप हॉकिप का खाता साइबर ठगों को दिया था। पुलिस इस मामले में जमतीन खुप हॉकिप को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। पुलिस ने इस मामले के आरोपी एंथोनी को कोर्ट मे पेश कर रिमांड पर लिया है। पुलिस इस मामले में दूसरे साइबर ठगो की तलाश कर रही है।



## खबर संक्षेप

### आग से तबाह विशाल मेगा मार्ट से दो शव बरामद

**नई दिल्ली (भाषा)।** मध्य दिल्ली के करोल बाग स्थित विशाल मेगा मार्ट में शुक्रवार शाम लगी आग में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, कुमार धीरेंद्र प्रताप (25) के रूप में पहचाने गए व्यक्ति का शव लिफ्ट के अंदर मिला। पुलिस ने आशंका जतायी है कि आग के दौरान फंस जाने के कारण उसकी मौत दम घुटने से हुई। दूसरे पुरुष का झुलसा हुआ शव इमारत में आग बुझाने के दौरान मिला।

### कराची में इमारत ढहने से मृतकों की संख्या 19 हुई

**कराची(भाषा)।** कराची के ल्यारी क्षेत्र में एक पुरानी आवासीय इमारत के ढह जाने से मृतकों की संख्या शनिवार को 19 हो गई जबकि बचाव दलों को आशंका है कि हताहतों की संख्या और बढ़ सकती है क्योंकि मलबा हटाने का काम अब भी जारी है। दक्षिण उपायुक्त ने बताया कि बचाव दल ने अब तक 19 शव बरामद कर लिए हैं, जबकि छह घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### महाराष्ट्र में कोरोना के 12 मामले सामने आए

**मुंबई (भाषा)।** महाराष्ट्र में शनिवार को कोरोना वायरस के 12 मामले सामने आए और पिछले 24 घंटों में वायरस से संक्रमित एक व्यक्ति की मौत हो गई। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। नए आंकड़ों के बाद एक जनवरी से अब तक राज्य में कुल संक्रमितों की संख्या 2,569 और मृतकों की संख्या 41 हो गई।

### डीयू में यूजी एडमिशन का दूसरा चरण आठ से शुरू

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली विश्वविद्यालय ने शनिवार को घोषणा की कि साझा सीट आवंटन व्यवस्था (यूजी)-2025 के तहत स्नातक प्रवेश प्रक्रिया का दूसरा चरण आठ जुलाई से शुरू होगा। जिन उम्मीदवारों ने पहला चरण पूरा कर लिया है उन्हें पसंद का कॉलेज चुनने के लिए आधिकारिक डैशबोर्ड में लॉग इन करना होगा।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर केंद्रीय मंत्री की टिप्पणी

# भारत किसी देश से बातचीत अपनी ताकत के दम पर करता है: गोयल

केंद्रीय मंत्री बोले- भारत यूएस के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते पर अपना अंतिम फैसला लेगा। जो भी चर्चा होगी वह राष्ट्र हित में होगी।

हरिभूमि ब्यूरो/भाषा ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौता (बीटीए) वार्ताओं को लेकर तरह-तरह की अटकलों के बीच वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि व्यापार के क्षेत्र में आज भारत को अपनी ताकत पर भरोसा है और सरकार किसी भी देश से बाचतीच अपनी ताकत के दम पर करती है तथा राष्ट्र हित को सबसे ऊपर रखती है। गोयल ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि आज भारत अपनी ताकत के दम पर बातचीत कर रहा है। हमें खुद पर भरोसा है, हम दुनिया में किसी से भी मुकाबला कर सकते हैं। अमेरिका के साथ समझौते के लिए नौ जुलाई की समय सीमा के बारे में उन्होंने कहा कि भारत किसी समय सीमा के दबाव में बात नहीं करता। भारत अपने राष्ट्रीय हित की बात करता है। भारत के लिए अपने राष्ट्रीय हित सर्वोपरि हैं। मोदी के नेतृत्व में भारत पूरी दुनिया में जो कुछ कर रहा है, वह राष्ट्र हित को केंद्र में रख कर कर रहा है। 2014 में मोदी सरकार के आने के बाद से भारत ने कई देशों के साथ बातचीत कर मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) किए हैं। भारत ने इस दौरान मॉरीशस, यूएई, आस्ट्रेलिया चार यूरोपीय देशों (स्विट्जरलैंड, नॉर्वे, आइसलैंड और लिखटेंस्टाइन) की सदस्यता वाले यूरोपीय मुक्त व्यापार क्षेत्र (ईएफटीए) के साथ व्यापार समझौते किए हैं।



### भारत अब नौकरी खोजने वाला नहीं, देने वाला देश बनेगा, 'तकनीक' निभाएगी अहम भूमिका

**बेंगलुरु (भाषा)।** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि नई प्रौद्योगिकियां आने वाले वर्षों में भारत की विकास गाथा को परिभाषित करेंगी। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास एलुमनाई एसोसिएशन के 'संगम 2025' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गोयल ने कहा कि आपका विज्ञान, आपकी प्रौद्योगिकी, इस जीवंत स्टार्टअप पारिस्थितिकी, अनुसंधान एवं विकास तथा नवाचार के साथ मिलकर भारत के भविष्य की विकास गाथा को आकार देंगे।'' गोयल ने कहा कि भारत नौकरी चाहने वाले देश से नौकरी देने वाले देश में बदल रहा है। बेशक, कुछ छोटे उपायों में, हमने स्टार्टअप पारिस्थितिकी और इसका समर्थन करने के लिए विभिन्न अन्य पहलों का हिस्सा बनने की कोशिश की है, साथ ही आईआईटी मद्रास जैसे संगठनों ने जो काम किया है, उसका भी हिस्सा बनने की कोशिश की है।''

### यह यूपीए वाला भारत नहीं

गोयल ने कहा कि आज का भारत कांग्रेस और यूपीए के दौर का कमजोर भारत नहीं है, जो बातचीत करके ऐसे समझौते करता था, जो हमारे राष्ट्रीय हितों के अनुकूल नहीं थे। उन्होंने इस पोस्ट के साथ शेयर किए गए वीडियो में कहा कि भारत इस समय 27 यूरोपीय देशों के साझा बाजार यूरोपीय संघ (ईयू) और अमेरिका जैसे विकसित बाजारों के साथ साथ ओमान, पेरू, चिली दुनिया के विकसित देशों के साथ व्यापार समझौते को बातचीत कर रहा है।

### राहुल ने भी साधा निशाना

इसी बीच लोकसभा में प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी ने भारत-अमेरिका व्यापार सौदे को लेकर प्रधानमंत्री मोदी की खुलकर आलोचना की, जब पीयूष गोयल ने दावा किया था कि भारत किसी समयसीमा में रहकर समझौता नहीं करेगा। इसके अलावा कांग्रेस ने आरोप लगाया कि पहलगाम आतंकी हमले पर प्रधानमंत्री मोदी की चुप्पी, के साथ ही भारत-पाकिस्तान संघर्ष को अमेरिकी राष्ट्रपति की तरफ से रोके जाने को लेकर हमला बोला है।

पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो बोले

# आतंकवादियों को भारत को प्रत्यर्पित करने के लिए तैयार पाकिस्तान

भाषा ⏭ इस्लामाबाद



पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा है कि उनके देश को विश्वास बहाली के उपाय के रूप में 'जांच के दायरे में आए व्यक्तियों' को भारत को प्रत्यर्पित करने में कोई आपत्ति नहीं है बशर्ते नई दिल्ली इस प्रक्रिया में सहयोग करने की इच्छा दिखाए।

'डॉन अखबार' की खबर के अनुसार, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल ने अल जजीरा के साथ साक्षात्कार में यह टिप्पणी की। खबर में कहा गया कि लश्कर-ए-तैयबा प्रमुख हाफिज सईद और जैश-ए-मोहम्मद प्रमुख मसूद अजहर को संभावित समझौते और सद्भावनापूर्ण रुख के तहत भारत को प्रत्यर्पित करने के बारे में यह टिप्पणी की। बिलावल ने कहा कि पाक के साथ एक व्यापक वार्ता के हिस्से के रूप में, जहां आतंक उन मुद्दों में से एक है जिन पर हम चर्चा करते हैं, मुझे यकीन है कि पाकिस्तान इनमें से किसी भी चीज का विरोध नहीं करेगा।

### भारत से सबूत और सहयोग की मांग

भारत से सबूत और सहयोग की मांग बिलावल ने कहा कि इन 'व्यक्तियों' के खिलाफ मुकदमे वाले मामले पाक से संबंधित थे। जैसे कि आतंकवादी गतिविधियों का वित्तपोषण हालांकि उन्होंने कहा कि सीमा पार आतंकवाद के लिए उन पर मुकदमा चलाना मुश्किल था क्योंकि दिल्ली की ओर से बुनियादी चीजों का 'अनुपालन' नहीं किया गया। उन्होंने कहा, 'भारत कुछ बुनियादी चीजों का पालन करने से इनकार कर रहा है जिसकी दोषसिद्धि के लिए आवश्यकता होती है।

पाक पीएम ने फिर उगला जहर

## अजरबैजान जाकर अलापा कश्मीर का राग, भारत पर लगाया आरोप

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने एक बार फिर भारत के खिलाफ जहर उगला है। शहबाज ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले को दुर्भाग्यपूर्ण तो बताया, लेकिन साथ ही भारत पर क्षेत्रीय शांति को अस्थिर करने का आरोप भी मढ़ दिया। दरअसल शहबाज शरीफ अजरबैजान में आयोजित आर्थिक सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन में पहुंचे थे। यहां उन्होंने फिर से कश्मीर का राग अलापा और भारत पर कई आरोप लगाए। शहबाज ने इस दौरान इजराइल पर भी निशाना साधा और गाजा व ईरान में हुए हमले की निंदा की।

### पहलगाम हमले के बाद हुआ ऑपरेशन सिंदूर



बता दें कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े द रेजिस्टेंस फ्रंट ने हमले ली थी। इस हमले में 25 टूरिस्ट और एक स्थानीय नागरिक की मौत हो गई थी। भारत ने कार्रवाई करते हुए ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया और पाकिस्तान में मौजूद आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया। इसके बाद भारत और पाकिस्तान में संघर्ष शुरू हो गया था।

### श्रीलंका में बंदूक हिंसा पर कार्रवाई में 300 से अधिक लोग गिरफ्तार

**कोलंबो (भाषा)।** बंदूक हिंसा पर अंकुश लगाने और आपराधिक नेटवर्क को ध्वस्त करने के उद्देश्य से श्रीलंकाई अधिकारियों ने एक महत्वपूर्ण कार्रवाई की है। कोलंबो के उत्तरी उपनगरीय क्षेत्र में रात भर के एक समन्वित अभियान के दौरान 300 से अधिक व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। सार्वजनिक सुरक्षा मंत्रालय ने बताया कि चार जुलाई की रात चलाए गए संयुक्त अभियान में श्रीलंका पुलिस, विशेष कार्यबल, सेना और नौसेना के जवान शामिल थे। विज्ञप्ति के अनुसार, अभियान के दौरान कथित तौर पर मादक पदार्थों से संबंधित तथा अन्य अपराधों में शामिल 300 से अधिक व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। अभियान का लक्ष्य माफिया और मादक पदार्थों से जुड़े अपराधों को खत्म करना है।

## कानून और संविधान की व्याख्या समाज की आवश्यकताओं के अनुसार हो: गवई

भाषा ⏭ मुंबई



■ मुंबई उच्च न्यायालय की ओर से आयोजित समारोह में बोले प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति

भारत के प्रधान न्यायाधीश भूषण रामकृष्ण गवई ने शनिवार को कहा कि कानून या संविधान की व्याख्या ''व्यावहारिक'' होनी चाहिए और वह समाज की जरूरतों के अनुकूल होनी चाहिए। न्यायमूर्ति गवई ने यहां मुंबई उच्च न्यायालय द्वारा उनके सम्मान में आयोजित एक समारोह में कहा कि हाल में उन्हें 'कुछ सहकर्मियों'' के अशिष्ट व्यवहार के बारे में शिकायतें मिली थीं और उन्होंने न्यायाधीशों से संस्थान की प्रतिष्ठा की रक्षा करने का आग्रह किया। उच्चतम न्यायालय के एक पुराने फैसले का हवाला देते हुए न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि किसी भी कानून या संविधान की व्याख्या ''वर्तमान पीढ़ी के सामने आने वाली समस्याओं'' के संदर्भ में की जानी चाहिए। उन्होंने कहा, ''व्याख्या व्यावहारिक होनी चाहिए। यह समाज की आवश्यकताओं के अनुरूप होनी चाहिए। न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि न्यायाधीशों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने विवेक और कानून के अनुसार काम करें, लेकिन ''मामले का फैसला हो जाने के बाद उन्हें कभी विचलित नहीं होना चाहिए।'' न्यायाधीशों की नियुक्ति के बारे में बात करते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि ''किसी भी कीमत पर न्यायपालिका की स्वतंत्रता से समझौता नहीं किया जाना चाहिए''।

### बैंकॉक जाने वाली उड़ान 'तकनीकी खराबी' के कारण रद्द

**कोलकाता (भाषा)।** पश्चिम बंगाल में कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से बैंकॉक जाने वाली थाई लायन एयर की एक उड़ान शनिवार सुबह तकनीकी खराबी के कारण रद्द कर दी गई। विमान में 130 यात्री और चालक दल के सात सदस्य सवार थे। इस घटना के बाद उड़ान को रद्द कर दिया गया। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के अधिकारियों के अनुसार विमान शुक्रवार देर रात करीब 1.35 बजे कोलकाता में उतरा। थाई लायन एयर के इस विमान को कोलकाता (सीसीयू) से बैंकॉक डॉन मुआंग अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (डीएमके) के लिए 2.35 बजे उड़ान भरनी थी। बोइंग 737-800 नयी पीढ़ी के विमान में फ्लैप से संबंधित समस्या उत्पन्न हो गई।

## भगवान जगन्नाथ की 'बहुड़ा यात्रा' शुरू





**पुरी।** भगवान जगन्नाथ की 'बहुड़ा' यात्रा या रथ वापसी उत्सव शनिवार को औपचारिक 'पहांडी' अनुष्ठान के साथ शुरू हो गया। मूर्तियों को श्री गुंडिचा मंदिर से सारधाबली में खड़े रथों तक औपचारिक यात्रा के जरिये ले जाया जा रहा है। इस यात्रा के दौरान भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ को रथों तक ले जाया गया। तलध्वज (बलभद्र), दर्पदलन (सुभद्रा) और नंदीघोष (जगन्नाथ) भव्य रथों को भक्त श्री गुंडिचा मंदिर से जगन्नाथ के मुख्य स्थान तक खींचा। जो लगभग 2.6 किमी की दूर है।

**REMINDER-II**
**COURT NOTICE**
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
In The Court of Sh. Manoj Kumar Rana, ADSJ, Additional District and Sessions Judge, Jhajjar
*Next Date, Purpose of case, Order and Judgments as well as other case information is available on http://ecourts.gov.in*
1. Sumer Singh S/o Shiv Lal
Vs.
1. Jai Bhagwan S/o Ram Kanwar
CNR No. HRJR01-002190-2024
Next Date : 10.07.2025
PUBLICATION ISSUED TO :
2. Ram Kanwar (dead) S/o Manohar Lal through his LRs 2(a) Anand 2(b) Ashok Kumar 2(c) Jai Bhagwan (respondent No. 1) Ss/o Ram Kanwar S/o Manohar Lal R/o Vill. Badli Pana Chudyan Teh. Badli, Distt. Jhajjar, 3. Raj Kumar (dead) S/o Manohar LAl through his LRs 3(a) Naresh Kumar 3(b) Mukesh Kumar S/o Raj Kumar R/o Vill. Badli, Pana, Chudyan Teh. Badli, Distt. Jhajjar.
Whereas it has been proved to the satisfaction of the Court that the defendant(s)/respondent(s) above named cannot be served in the ordinary way of service. Hence, this proclamation under order 5 Rule 20 CPC is hereby issued against him/ them and should appear personally or through their counsel on 10-07-2025 at 10:00 a.m.
Take notice that, in default of his/their appearance on the day before mentioned, the above said case will be heard and determined in his/their absence according to law.
Given under my hand and the seal of the Court, this 12-05-2025.
Sd/- Additional District and Sessions Judge, Jhajjar

## राशिफल

**मेष** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ सन्तोषजनक रहेगा।

**वृष** — रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। मानसिक शान्ति रहेगी।

**मिथुन** — नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। यात्रा पर जाना पड़ सकता है। खर्चों से परेशान हो सकते हैं। परिश्रम की अधिकता रहेगी। मांगलिक कार्य होंगे।

**कर्क** — कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। सेहत का ध्यान रखें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कुटुम्ब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। परिश्रम अधिक होगा।

**सिंह** — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। धार्मिक संगीत के प्रति रुचि हो सकती है।

**कन्या** — मित्रों का सहयोग मिल सकता है। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। मन अशान्त रहेगा। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**तुला** — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**वृश्चिक** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य एवं सहयोग मिलेगा। वस्त्रों आदि के प्रति रुझान बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी।

**धनु** — किसी पुराने मित्र से पुनःसम्पर्क हो सकता हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार रहेंगे। स्वास्थ्य विकार रहेंगे।

**मकर** — नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती हैं।

**कुंभ** — स्थान परिवर्तन भी सम्भव है। खर्च बढ़ेंगे। मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु अपनी भावनाओं को वश में रखें। क्रोध की तीव्रता में कमी आएगी।

**मीन** — कारोबार में विस्तार के लिए निवेश कर सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। माता से भी धन प्राप्ति हो सकती है। धन की स्थिति में सुधार होगा। मान सम्मान बढ़ेगा।

उत्तराधिकारी के ऐलान की अटकलों पर बोले दलाई लामा

## उम्मीद है 30-40 साल और जिंदा रहूंगा

एजेंसी ⏭ मैक्लोडगंज (धर्मशाला)

तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा ने कहा है कि बहुत सारी भविष्यवाणियों को देखते हुए मुझे लगता है कि मुझ पर अवलोकितेश्वर का आशीर्वाद है। मैंने अब तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया है। मुझे उम्मीद है कि मैं अभी 30-40 साल और जीवित रहूंगा। आपकी प्रार्थनाएं अब तक फलदायी रही हैं। हालांकि हमने अपना देश खो दिया है और हम भारत में निर्वासन में रह रहे हैं, लेकिन यहीं मैं लोगों को काफी लाभ पहुंचाने में सक्षम रहा हूं। जो यहां धर्मशाला में रह रहे हैं। मैं जितना संभव हो सके लोगों को लाभ पहुंचाने और उनकी सेवा करने का इरादा रखता हूं।

### आज केक कटेगा



तिब्बती धर्मगुरु 14वें दलाई लामा तेंजिन ग्योत्सो के 90वें जन्मदिवस पर मैक्लोडगंज में शनिवार से दो दिवसीय कार्यक्रम चल रहा है। समारोह के लिए केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू, हॉलीवुड अभिनेता रिचर्ड गेरे और अन्य लोग मुख्य तिब्बती मंदिर और दलाई लामा के निवास स्थान में मौजूद हैं।

अमेरिका के टेक्सास में बाढ़ का प्रकोप

## 24 की मौत, 23 लड़कियां लापता बारिश के बीच राहत कार्य जारी



**वॉशिंगटन(भाषा)।** अमेरिका के टेक्सास राज्य में शुक्रवार को भारी बारिश के बाद ग्वाडालूप नदी में आई बाढ़ से 24 लोगों की मौत हो गई, जबकि 23 लड़कियां लापता हो गई। अब तक 400 से ज्यादा लोगों को बचाया गया है। टेक्सास के गवर्नर डैन पैट्रिक ने बताया कि रेस्क्यू टीम काम कर रही है। जिसमें नौ बचाव दल, 14 हेलिकॉप्टर और 12 ड्रोन का इस्तेमाल किया जा रहा है। कर्विल के पास कैंप मिस्टिक, जो एक लड़कियों का समर कैंप है, पूरी तरह बाढ़ में डूब गया। कैंप में मौजूद 750 लड़कियों को बचाया गया है। कैंप में बिजली नहीं है और कई बच्चे अभी भी रेस्क्यू का इंतजार कर रहे हैं।

**कार्यालय : जिला परियोजना संयोजक समग्र शिक्षा जींद (हरियाणा)**
**पता : डिफेंस कालोनी, डीपीसी आफिस जींद।**

समग्र शिक्षा जिला जींद के तहत संचालित जिला जींद के 7 खंडों के लिए विशिष्ट प्रशिक्षण केन्द्रों (सत्र 2025-26) पर स्पेशल ट्रेनिंग फॉर आउट ऑफ स्कूल चिल्ड्रन कार्यक्रम के अंतर्गत 7 से 14 वर्ष तक के बच्चों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए शैक्षिक स्वयंसेवकों को आबंध करने हेतु योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते है।


चयनित अभ्यर्थी को हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा निर्धारित नियमानुसार मासिक मानदेय दिया जाएगा। आवेदक अपने सभी स्वयं सत्यापित दस्तावेज नीचे दिए पते पर दिनांक 15.07.2025 सायं 5:00 तक भिजवाए।

| क्रमांक | पदनाम | पदों की संख्या | समयावधि: | मासिक मानदेय | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शैक्षिक स्वयंसेवक | 31 | 06 माह | 10,000/-रुपए मासिक +1000/- Transportation | 10+2min, 50% व D.ED. या B.ED./spl, B.ED,or equivalent min 50% (उच्च योग्यता को नियमानुसार वरीयता दी जाएगी) |

**नोट:** पदों की संख्या परिवर्तनशील है। पूर्व कार्यरत शैक्षिक स्वयंसेवकों को नियमानुसार वरीयता दी जाएगी। रजिस्ट्रेशन हेतु प्रोफार्मा की हार्ड कॉपी संबंधित कार्यालय जिला परियोजना संयोजक से प्राप्त की जा सकती है। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी किसी भी कार्य दिवस में जिला परियोजना संयोजक, समग्र शिक्षा जींद, मोबाइल नंबर-9416138283,8053405965 से संपर्क करें।

**जिला परियोजना संयोजक,**
**समग्र शिक्षा जींद (हरियाणा)**

## शब्द पहेली - 5919




**बाएँ से दाए-**
1. हाईकमान-5
4. बुशर्ट, शर्ट-3
6. लाख, गोंद-2
7. प्रतिज्ञा-3
8. मां का भाई-2
10. धनवान, रईस-3
11. मरने के बाद शरीर को परीक्षण के लिये दान करना-4
14. जिज्ञासा, उत्साह-3
16. अनगिनत-4
17. वर्ष, बरस-2
18. लय, स्वर-2
19. गदर, बलवा-4
21. ईर्ष्या-3
22. गरुर, घमंड-4
24. राजा, सम्राट-3
25. पानी से सराबोर-2
27. व्यर्थ, फिजूल-3
28. चतुर्थ, चौथा-2
29. बहने का भाव-3
30. मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. आरामदायी-5
2. एक अनमोल रत्न, दुलारा-2
3. सेवा शुल्क-4
4. अभिव्यक्ति-3
5. बचत, जोड़-2
7. वहम-2
9. स्वामी-3
12. प्रवेश-3
13. धरोहर, थाती-4
15. तरंग, हिलोर-3
16. निरंकुश, मुंहजोर -4
17. किनारा, तट
18. कामधेनू, सुगंध-3
20. नुकसानदेह-5
21. दुनिया, जग-3
22. कहासुनी-4
23. चयन-3
24. चट्टान, शिला (अंग्रेजी-2)
26. ईश्वर, भगवान-2
28. प्रेम, लगन-2

### शब्द पहेली -5918 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | बं | दा | न | वा | ज | | आ | स | मा | न |
| न | दी | | र | | ल | बा | दा | | र | जा |
| व | | ज | म | ज | म | | ब | री | | क |
| जी | म | ना | | | ह | ठ | | ता | क | त |
| व | | चा | | जे | ल | | पे | | ता | |
| न | ग | र | से | ठ | | फ | ट | का | र | ना |
| | री | | ना | | स | ना | | रो | | म |
| सु | ब | ह | | दा | म | | | बा | री | क |
| र | | क | श | | झ | न | का | र | | र |
| ता | प | | प | र | दा | | म | | क | ण |
| ल | थ | प | थ | | र | च | ना | का | र | |



## खबर संक्षेप

### विंध्यवासिनी में पुरोहितों में मारपीट, 4 पर केस

**मिर्जापुर।** मां विंध्यवासिनी मंदिर के गर्भगृह में शुक्रवार रात करीब 12 बजे पुरोहितों में मारपीट का



मामला प्रकाश में आया जिसका वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। पुजारी विश्वमोहन मिश्र की तहरीर पर विंध्याचल कोतवाली में अमित पांडेय, सुमित पांडेय व नवनीत पांडेय निवासी विंध्याचल समेत अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

### वोटर लिस्ट संशोधन का केस सुप्रीम कोर्ट पहुंचा

**नई दिल्ली।** बिहार में मतदाता सूची के विशेष सघन पुनरीक्षण अभियान का मामला सुप्रीम कोर्ट



पहुंच गया है। गैर सरकारी संस्था एसोसिएशन ऑफ डेमेक्रेटिक रिफॉर्म्सने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर बिहार में मतदाता सूची के विशेष सघन पुनरीक्षण अभियान का चुनाव आयोग का आदेश रद करने की मांग की है। चुनाव आयोग का यह आदेश संविधान विरुद्ध है।

### विरोध करने वालों को कपड़े उतारकर पीटो: रेड्डी

**तहैदराबाद।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने इंदिरा कैंटीन करने का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों



को लेकर विवादित बयान दिया। उन्होंने कहा कि अन्नपूर्णा कैंटीन का नाम बदलकर इंदिरा कैंटीन करने पर विरोध कर रहे लोग मूर्ख हैं। ये पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की महानता को तब तक नहीं समझ पाएंगे जब तक कपड़े उतारकर उन्हें पीटा न जाए।

### कन्नड़ विवाद : कमल हासन के बोलने पर रोक

**बेंगलुरू।** बेंगलुरु की एक सिविल कोर्ट ने एक्टर कमल हासन को कन्नड़ भाषा और संस्कृति के



खिलाफ कोई भी टिप्पणी करने से रोक दिया है। कन्नड़ साहित्य परिषद ने कोर्ट में एक्टर के खिलाफ याचिका दायर की थी। शुक्रवार को दिए गए आदेश में अदालत ने कहा कि अगली सुनवाई तक कमल हासन कोई भी ऐसा बयान न दें जो कन्नड़ भाषा, साहित्य, संस्कृति या भूमि को आहत करे।

## राज ठाकरे के साथ 20 साल बाद उद्धव ने साझा किया मंच, बोले

शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख ने रैली को संबोधित किया

# हम साथ आए हैं और साथ ही रहेंगे निजी हितों में नहीं उलझें तो अच्छा



**जो काम बाला साहेब नहीं कर पाए, फड़णवीस ने कर दिया**

महाराष्ट्र सरकार की ओर से हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में लागू करने के लिए दो सरकारी प्रस्तावों को रद्द कर दिया है

**राज ने पहले ही शानदार भाषण दिया, ज्यादा कहने की जरूरत ही नहीं**

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र सरकार की ओर से हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में लागू करने के लिए दो सरकारी प्रस्तावों को रद्द करने के बाद उद्धव ठाकरे गुट (यूबीटी) और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) ने मुंबई के वर्ली डोम में एक संयुक्त रैली की। पहले राज ठाकरे ने रैली को संबोधित किया और कहा कि आज 20 साल बाद मैं और उद्धव एक साथ आए हैं। जो काम बालासाहेब नहीं कर पाए, वो देवेंद्र फडणवीस ने किया। हम दोनों को साथ लाने का काम। इसके बाद शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हम साथ आए हैं, हम साथ रहेंगे। हम साथ रहने के लिए ही साथ आए हैं। उद्धव ठाकरे ने कहा कि हमारी ताकत हमारी एकता में है, जब भी कोई चुनौतीपूर्ण समय आता है, हम सभी एक साथ आते हैं, लेकिन हम सभी ने अनुभव किया है कि जब चुनौतीपूर्ण समय बीत जाता है, तो हम सभी अपने निजी हितों के लिए जाते हैं, जो इस बार नहीं होना चाहिए।'

### हम दोनों का एक साथ आना और यह मंच ज्यादा अहम

उद्धव ठाकरे ने कहा कि जब से हमने इस कार्यक्रम की घोषणा की थी, तब से सभी को आज हमारे भाषण का बेसब्री से इंतजार था, लेकिन मेरे विचार से हम दोनों का एक साथ आना और यह मंच हमारे भाषणों से ज्यादा महत्वपूर्ण था। राज ठाकरे पहले ही बहुत शानदार भाषण दे चुके हैं और मुझे लगता है कि अब मुझे बोलने की कोई जरूरत नहीं है।



### ..तो हां, हम 'गुंडा' हैं

उद्धव ठाकरे ने कहा कि आप (शिवसेना) पहले ही हमारा काफी इस्तेमाल कर चुके हैं। अगर आपको बालासाहेब ठाकरे का समर्थन नहीं था, तो महाराष्ट्र में आपको कौन जानता था। आप हमें हिंदुत्व के बारे में सिखाने वाले कौन होते हैं? जब मुंबई में दंगे हो रहे थे, तब हम मराठी लोगों ने महाराष्ट्र के हर हिंदू को बचाया था, चाहे वह कोई भी हो। अगर आप मराठी लोगों को 'गुंडा' कह रहे हैं जो अपना विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, न्याय मांग रहे हैं। तो हां, हम 'गुंडा' हैं।

### एक निशान तिरंगा है न कि भाजपा का झंडा

उद्धव ने कहा कि जब भाजपा कहती है कि उन्हें एक संविधान, एक निशान और एक प्रधानमंत्री चाहिए, तो उन्हें याद रखना चाहिए एक निशान तिरंगा है, न कि भाजपा का झंडा।

### 11 साल में सरकार ने क्या किया?

उद्धव ने कहा कि वे हमेशा हमसे पूछते हैं कि हमने बीएमसी में अपने शासन के दौरान मुंबई में मराठी लोगों के लिए क्या किया? अब हम सवाल पूछ रहे हैं- आपके शासन के पिछले 11 वर्षों में आपने क्या किया है? आपने मुंबई के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों को गुजरात में धकेल दिया है। कारोबार गुजरात में स्थानांतरित हो रहे हैं।

## भारत का पहला राष्ट्रीय सहकारी विवि भाई-भतीजावाद को करेगा समाप्त : शाह

**आणंद (भाषा)।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि गुजरात में सहकारी क्षेत्र के लिए बनने वाला देश का पहला राष्ट्रीय विश्वविद्यालय भाई-भतीजावाद को समाप्त करने का काम करेगा क्योंकि भविष्य में इस क्षेत्र में केवल प्रशिक्षित व्यक्तियों को ही नौकरी मिलेगी। शाह आणंद कृषि विश्वविद्यालय के परिसर में जल एवं भूमि प्रबंधन संस्थान के परिसर में त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय (टीएसयू) की आधारशिला रखने के बाद एक सभा को संबोधित कर रहे थे। विश्वविद्यालय का नाम दिवंगत त्रिभुवनदास किशीभाई पटेल के नाम पर रखा गया है, जो भारत में सहकारी आंदोलन के अग्रणी नेताओं में से एक थे और जिन्होंने अमूल की नींव रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। टीएसयू का निर्माण 500 करोड़ रुपये की लागत से 125 एकड़ पर किया जाएगा। 22 अक्टूबर 1903 को आणंद के खेड़ा में जन्मे पटेल का निधन तीन जून 1994 को हुआ था। उन्होंने कहा, "विश्वविद्यालय इस क्षेत्र में लगने वाले भाई-भतीजावाद के आरोपों को दूर करने का काम करेगा। अतीत के विपरीत भविष्य में केवल प्रशिक्षित लोगों को ही इस क्षेत्र में नौकरी मिलेगी।



### विवि इस क्षेत्र में प्रशिक्षण की कमी को पूरा करेगा

शाह ने कहा कि विश्वविद्यालय इस क्षेत्र में प्रशिक्षण की कमी को पूरा करेगा जिससे देश का हर चौथा व्यक्ति या कहें कि लगभग 30 करोड़ लोग जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि भारत में सहकारी क्षेत्र में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है और देश को अब प्रशिक्षित जनशक्ति की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि टीएसयू इस ₹विशाल शून्यता₹ को भरेगा जिसने इस क्षेत्र की प्रगति को रोक दिया है। शाह ने विश्वविद्यालय का नाम श्वेत क्रांति के जनक डॉ. वर्गीज कुरियन के नाम पर न रखे जाने संबंधी कुछ लोगों की टिप्पणियों पर कहा कि सहकारी क्षेत्र में उनकी भूमिका को कभी नकारा नहीं जा सकता। उन्होंने कहा, "पटेल साहब (त्रिभुवन पटेल) ने सहकारी आंदोलन की अलख जगाई... यह उनका ही दृष्टिकोण था कि यह क्षेत्र आज मजबूती से खड़ा है।" शाह ने कहा कि पटेल ने ही कुरियन को नीदरलैंड में पढ़ने के लिए भेजा था।

**Gnex Realtech Pvt Ltd.**
F-10, Plot No. 10, Asaf Ali Road, Daryaganj, Delhi-110002

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Project Approvals- | License no.123 of 2024 dated 23-10-2024 and RERA Registration Number. HRERA-PKL-JJR-724-2025 |
| 2. | Location - | Sector- 36, Bahadurgarh. (HARYANA) |
| 3. | Provisions - | Projected Area 7.6625 acres comprising of 134 Plots. Community Facilities = 0.80 Acre Commercial Facilities = 0.325 Acre |
| 4. | Plot Details - | There are 12 Categories of Plots. varying from 121 Sqyd to 175 sqyd. |
| 5. | Allotment Rate of Plot (all inclusive)- | Starting 56,000 Per sqyd |
| 6. | Payment Terms - | Category 1. Development Linked Plan. |
| 7. | Application Timeline - | Application Forms can be procured from:- M/S Gnex Realtech Private Limited. Site office, Sector-36, Rohtak ByPass Road, Bahadurgarh, District Jhajjar, Hayana 124507. Tel. 8377072794 Website - www.esselrealty.com Email: crm@esselrealty.com Starting from 06-07-2025 |

Eligibility :- Any Individual (Resident / Non-Resident / Foreign National Indian Origin) or a Sole Proprietorship or a Partnership firm duly registered under the Indian Partnership Act, or a Company registered under the companies Act, 1956/ the Companies Act, 2013 or a Hindu Undivided Family can apply for allotment provided that the applicant shall be competent to enter into legally binding agreement and should not be debarred from entering into legally binding agreement under any prevailing law.
Allotment Criteria :- If the applicant fulfills the eligibility criteria it shall be discretion of the company to decide on the allotment.
* Subject to terms and conditions apply

**केंद्र ने दिया राज्यों को निर्देश**

## घटिया हेलमेट बनाने व बेचने वालों पर 'सख्त' कार्रवाई करें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र ने राज्यों से दोपहिया वाहन चालकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए घटिया हेलमेट बेचने वाले विनिर्माताओं और खुदरा विक्रेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को कहा है। शनिवार को एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि उपभोक्ता मामलों के विभाग और भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) देश भर के उपभोक्ताओं से केवल बीआईएस-प्रमाणित हेलमेट का उपयोग करने की अपील करते हैं। विभाग ने बीआईएस प्रमाणीकरण के बिना हेलमेट के विनिर्माण या बिक्री के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का भी आह्वान किया। विभाग ने कहा कि भारतीय सड़कों पर 21 करोड़ से अधिक दोपहिया वाहन हैं, इसलिए सवार की सुरक्षा सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के तहत हेलमेट पहनना अनिवार्य है।

## नड्डा ने हिमाचल में चल रहे 2592 करोड़ के नेशनल हाईवे के कामकाज की समीक्षा की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

- जेपी नड्डा मुख्यमंत्री को दो विषयों के बारे में लिखेंगे चिट्ठी, बात भी करेंगे

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने शनिवार को हिमाचल प्रदेश में चल रहे 25 नेशनल हाईवे के निर्माण पर प्रगति कार्यों की समीक्षा की। प्रदेश के बिलास पुर में समीक्षा बैठक के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा उन्होंने कहा कि प्रदेश में 25 नेशनल हाईवे का काम चल रहा है जिनकी कुल लंबाई 2592 किलोमीटर है। नड्डा ने बताया कि एनएचएआई के अंतर्गत चार बड़े कार्य चल रहे हैं जिसमें से अधिकतम कार्य 2026 एवं 2027 तक पूर्ण हो जाएंगे और बाकी 2028 में होंगे। चार कामों का विवरण देते हुए उन्होंने कहा कि कीरतपुर मनाली कॉरिडोर जिसके लिए 7667 करोड़ आवंटित है जिसमें 12 टनल 11.51 किलोमीटर का निर्माण होगा। कीरतपुर मनाली कुल आवंटन 9452 करोड़, 28 टनल जिनकी लंबाई 41 किलोमीटर होगी। शिमला मटौर 10208 करोड़ का आवंटन जिसमें 15 टनल कुल टनल लंबाई 13.41 होगी। पठानकोट मंडी कुल आवंटन 1088 करोड़, 13 टनल बनेगी जिनकी कुल लंबाई 10 किलोमीटर होगी। ध्यान दें कि यह लंबाई केवल टनल के बारे है। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने बताया कि वह दो विषयों के बारे में हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री से बात भी करेंगे और चिट्ठी भी लिखेंगे।


**'श्रीरामायण यात्रा' के नाम से पांचवीं विशेष ट्रेन होगी शुरू**

## भगवान राम से जुड़े 30 से अधिक तीर्थस्थलों के दर्शन के लिए विशेष ट्रेन चलाएगा आईआरसीटीसी

**नई दिल्ली (भाषा)।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर की लोकप्रियता के मद्देनजर भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) 25 जुलाई 2025 से 'श्रीरामायण यात्रा' के नाम से अपनी पांचवीं विशेष ट्रेन यात्रा शुरू करने जा रहा है। यह यात्रा 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिये आयोजित समारोह के बाद से शुरू हुई श्रृंखला का हिस्सा है। आईआरसीटीसी के अनुसार, 'श्री रामायण यात्रा', 25 जुलाई 2025 से शुरू होगी और इसमें भगवान राम से जुड़े 30 से अधिक स्थलों को शामिल किया जाएगा।

### दक्षिण भारत के रामेश्वरम द्वीप तक जाएगी

यात्रा की शुरुआत अयोध्या से होगी और इसके बाद नंदीग्राम, सीतामढ़ी, जनकपुर, बक्सर, वाराणसी, प्रयागराज, चित्रकूट, नासिक, हम्पी और अंत में दक्षिण भारत के रामेश्वरम द्वीप तक जाएगी, जिसके बाद यह यात्रा दिल्ली लौटकर समाप्त होगी। आईआरसीटीसी अधिकारियों ने बताया कि अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के बाद धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन को बड़ा प्रोत्साहन मिला है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालु देशभर से इन स्थलों की यात्रा में रुचि दिखा रहे हैं। आईआरसीटीसी के एक अधिकारी ने कहा, "राम मंदिर के उद्घाटन के बाद से यह हमारी पांचवीं 'रामायण यात्रा' है। पहले की सभी यात्राओं को तीर्थयात्रियों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली।"



भारतीय नौसेना
में शामिल हों
अग्निवीर {एमआर (संगीतकार)}
बनकर

भारतीय नौसेना द्वारा अविवाहित पुरुष और अविवाहित महिला उम्मीदवारों (जो भारत सरकार द्वारा निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा करते हैं) से अग्निवीर {एमआर (संगीतकार)} - 02/2025 बैच के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं

पात्रता शर्तें

शैक्षणिक योग्यताएं: अभ्यर्थी द्वारा मैट्रिक कक्षा भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन द्वारा उत्तीर्ण की हो।

जन्मतिथि: 01 सितम्बर 2004 – 29 फ़रवरी 2008 (दोनों तिथियों को मिलाकर)

संगीत संबंधी योग्यता

(क) कीबोर्ड पर बताई गए नोट्स के साथ पिच मिलाकर गाना।
(ख) परीक्षक द्वारा सुनाई गई ताल की तालि बजाकर अनुकरण करना।
(ग) कोई भी प्रसिद्ध गाना सुर में गाएं।
(घ) अपने संगीत के उपकरण पर एक तैयार टुकड़ा प्रस्तुत करें
(ङ) भारतीय/वेस्टर्न संगीत संकेतन पढ़ें।
(च) ताल/राग/शैलियों का सैद्धांतिक ज्ञान हो।

पात्रता मानदंड और विवरण के लिए, www.joinindiannavy.gov.in और 05 जुलाई 2025 का रोजगार समाचार देखें।

ऑनलाइन आवेदन करें
05 जुलाई से 13 जुलाई 2025 तक

युद्ध तत्पर, विश्वसनीय, सुगठित एवं भविष्य सक्षम बल

CBC 10701/13/0009/2526

**भीलवाड़ा में सीताराम की हत्या पर बवाल**

## मोहर्रम जुलूस रद्द, बुलडोजर और फांसी देने की मांग, एक गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ भीलवाड़ा

जहाजपुर कस्बे में एक दर्दनाक घटना के बाद तनाव है। 25 साल के दिव्यांग युवक सीताराम की मौत के बाद गुस्साए लोगों ने कस्बे में बाजार बंद कर दिए हैं। बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में लोग अस्पताल के बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं। इस बीच सीताराम की मां सुगना देवी ने आरोपियों को फांसी देने और मस्जिद पर बुलडोजर चलवाने की मांग कर रही हैं। पुलिस ने इस मामले में रईस नामक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपियों को भी डिटेन कर लिया है।



### तनाव को देखते हुए प्रशासन का फैसला

प्रशासन ने मोहर्रम के ताजिया जुलूस पर रोक लगा दी है। पहले 5 और 6 जुलाई को जुलूस निकालने की अनुमति दी गई थी, लेकिन अब वह अनुमति वापस ले ली गई है। प्रशासन ने आदेश जारी करते हुए कहा कि मौजूदा हालात को देखते हुए ताजिया नहीं निकाले जाएंगे।

**पलानी स्वामी ने दो टूक कहा**

## भाजपा के साथ गठबंधन में एआईडीएमके ही बड़ा भाई

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

एआईएडीएमके महासचिव एडप्पादी के पलानीस्वामी (ईपीएस) ने शनिवार को स्पष्ट किया कि द्रविड़ पार्टी भाजपा के साथ अपने गठबंधन में बड़ा भाई है, जबकि विजय की तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) के साथ हाथ मिलाने के लिए दरवाजा खुला रखा है। पलानीस्वामी ने कहा कि एआईएडीएमके-भाजपा गठबंधन बन गया है। इस गठबंधन का नेतृत्व एआईएडीएमके करेगी और सरकार एआईएडीएमके बनाएगी।



### पैर जमाने का लक्ष्य

अन्नाद्रमुक सुप्रीमो का यह बयान पार्टी के भीतर इस भावना के बीच आया है कि भाजपा, जो तमिलनाडु में पैर जमाने का लक्ष्य बना रही है। इससे पहले भी पलानीस्वामी ने इन आरोपों को खारिज किया था कि भाजपा गठबंधन में एआईएडीएमके पर हावी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि कोई भी पार्टी, चाहे कितनी भी बड़ी क्यों न हो, इस पर हावी नहीं हो सकती।

*मराठी न सीखने के बारे में लिखा और राज ठाकरे को चेतवावनी दी कि 'क्या करना है बोल?'*

## भाषा विवाद : कार्यालय पर हमले के बाद निवेशक केडिया ने माफी मांगी, 5 मनसे समर्थक हिरासत में

**मुंबई (भाषा)।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के पांच समर्थकों को शनिवार को निवेशक सुशील केडिया के यहां वर्ली स्थित कार्यालय पर हमला करने के आरोप में हिरासत में ले लिया गया। इसके पहले केडिया ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में मराठी न सीखने के बारे में लिखा और राज ठाकरे को चेतवावनी दी कि "क्या करना है बोल?",जिसके बाद यह हमला किया गया। हमले के कुछ घंटों बाद केडिया ने अपनी सोशल मीडिया



पोस्ट के लिए माफी मांगी और कहा कि उन्होंने जरूरत से ज्यादा प्रतिक्रिया व्यक्त की थी। केडिया ने ठाकरे की सराहना भी की। केडिया ने कहा कि उन्होंने दबाव और तनाव के कारण गलत मानसिक स्थिति में पोस्ट अपलोड किया था।

### राज ठाकरे के प्रति सराहना और कृतज्ञता की भावना

उन्होंने कहा कि बाद में उन्हें एहसास हुआ कि उनको अपनी अति-प्रतिक्रिया वापस लेनी चाहिए और पीछे हट जाना चाहिए। अपने माफीनामे वाले वीडियो में केडिया ने कहा, "मुंबई में 30 साल रहने के बाद भी एक मूल मराठी व्यक्ति के पास जो दक्षता और प्रवाह हो सकता है, वह हम हासिल नहीं कर पाएंगे। किसी भी शर्मिंदगी या भ्रम से बचने के लिए हम मराठी भाषा का इस्तेमाल केवल कम औपचारिक परिस्थितियों और अनौपचारिक माहौल में ही अपने बहुत नजदीकी लोगों के सामने करते हैं।" केडिया ने कहा, " समय के साथ मैं जिन अन्य सात भारतीय भाषाओं को सीख सका उनके इस्तेमाल में मेरे साथ ऐसा नहीं हुआ है।" केडिया ने कहा कि मजबूत मुद्दों को उठाने, हनुमान चालीसा अभियान (जब उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री थे) जैसे मामलों में मजबूती के साथ खड़े रहने, हिंदुत्व और राष्ट्रवाद के मामले को उठाने के लिए उनके मन में राज ठाकरे के प्रति सराहना और कृतज्ञता की भावना है। केडिया शुक्रवार को राज ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी मनसे के निशाने पर आ गए।

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा है कि आपातकाल के दौरान संविधान संशोधन कर प्रस्तावना में जोड़े गए शब्द समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष के विलोपन को लेकर बहस होनी चाहिए। समर्थन में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि 'संविधान की प्रस्तावना परिवर्तनशील नहीं है, लेकिन आपातकाल के दौरान इसे बदल दिया गया, जो संविधान निर्माताओं की बुद्धिमता के साथ विश्वासघात है। देश में वर्ष 1975 में इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाया था, वर्ष 1976 में 42वें संविधान संशोधन के जरिये संविधान की प्रस्तावना में समाजवादी व धर्मनिरपेक्ष शब्द जोड़े गए थे। यूं संविधान में मूल अधिकार से नीति निर्देशक तत्व तक प्रकृति में समाजवादी व धर्मनिरपेक्षता की भावना उद्धृत है। संविधान सभा में चर्चा के दौरान इन दोनों शब्दों को लेकर डा. आंबेडकर का मानना था कि संविधान को एक ऐसे दस्तावेज के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, जो देश की भावी पीढ़ियों पर एक विशेष प्रकार का सामाजिक दर्शन या आर्थिक विचारधारा थोपता हो। पश्चिम का अंधानुकरण करते हुए धर्मनिरपेक्षता को संविधान की प्रस्तावना में सम्मिलित करना न्यायसंगत नहीं है। नवंबर 2024 में सुप्रीम कोर्ट ने 'समाजवादी' और 'धर्मनिरपेक्ष' शब्दों को प्रस्तावना से हटाने की मांग वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया था। आजकल में पेश है एक विश्लेषण...**

# आपातकाल में संविधान-संशोधन का औचित्य



विश्लेषण
प्रणय कुमार
शिक्षाविद एवं वरिष्ठ स्तंभकार

**लोकसभा से 2 नवंबर 1976, राज्यसभा से 11 नवंबर, 1976 को 42वां संविधान संशोधन विधेयक पारित करा, 3 जनवरी 1977, को आनन-फानन में उसे लागू कर दिया गया। उस संशोधन के अन्तर्गत संविधान की मूल आत्मा यानी प्रस्तावना में परिवर्तन करते हुए 'धर्मनिरपेक्ष' व 'समाजवादी' शब्द बिना किसी चर्चा के जोड़ दिए गए। सामान्यतः प्रस्तावना को अपरिवर्तनीय माना जाता है, क्योंकि वह संविधान की नींव या आधार मानी जाती है। आएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले यदि संविधान की मूल भावना व आपातकाल की भूलों पर पुनर्विचार की बात करते हैं, तो उसे आलोचना नहीं, बल्कि विमर्श की स्वस्थ भारतीय परंपरा व आत्मावलोकन के रूप में देखा जाना चाहिए।**

भारत न केवल विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, अपितु वह लोकतंत्र की जननी है। लोकतंत्र भारत की आत्मा है। वह आम भारतीयों की सांसों और संस्कारों में रचा-बसा है। भारत में लोकतांत्रिक मूल्यों एवं अवधारणाओं का विकास 1215 ई. में जारी किए गए इंग्लैंड के कानूनी परिपत्र मैग्ना कार्टा से नहीं, अपितु सहयोग, समन्वय एवं सह-अस्तित्व पर आधारित प्राचीन एवं सनातन सांस्कृतिक विचार-प्रवाह एवं जीवन-दर्शन से हुआ है। इस देश में लोकतंत्र केवल शासन की एक प्रणाली मात्र नहीं, बल्कि वह सहस्राब्दियों के अनुभव और इतिहास से सिंचित-निर्मित भेद में एकत्व और विरुद्धों में सामंजस्य देखने वाली जीवन-शैली व जीवन-दृष्टि है। इंग्लैंड अथवा अमेरिका जैसे पश्चिमी देशों की तुलना में भारत की लोकतांत्रिक जड़ें कहीं ज्यादा गहरी हैं।

इतनी गहरी कि उसने भिन्न-भिन्न मान्यताओं, विश्वासों, जीवन-पद्धत्तियों को न केवल स्वीकार किया, बल्कि उनकी विविधता में सौंदर्य देखने की अंतर्दृष्टि भी विकसित की। एक ऐसी अंतर्दृष्टि जो केवल सहिष्णुता में नहीं, सह-अस्तित्व में विश्वास रखती है। सहिष्णुता में जबरन या किसी विवशता में एक-दूसरे को सहने की भावना व्यक्त होती है, जबकि सह-अस्तित्व में पारस्परिक समझ से विकसित स्वीकार की भावना परिलक्षित होती है। सह-अस्तित्व एवं वैविध्य में एकत्व देखने वाली यही अंतर्दृष्टि सनातन भारत की मौलिक विशेषता एवं सहस्राब्दियों से चली आ रही समृद्ध सांस्कृतिक विरासत है। इस अविच्छिन्न एवं अविरल लोकतांत्रिक धारा को निरंकुश सत्ता द्वारा केवल एक बार अवरुद्ध करने की चेष्टा की गई, वह भी स्वतंत्र भारत में। परंतु लोकतंत्र में गहरी आस्था रखने वाले भारतीय जन-मन ने उसे सिरे से खारिज़ कर दिया।

## हाईकोर्ट का ऐतिहासिक फैसला

12 जून 1975 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति जगमोहन लाल सिन्हा ने एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया। एक ऐसा फैसला, जो भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में 'न भूतो, न भविष्यति' की प्रकृति का था। 1971 के आम चुनाव में रायबरेली से इंदिरा गांधी के विरुद्ध चुनाव लड़ने वाले समाजवादी नेता राजनारायण ने उन पर सरकारी तंत्र व संसाधनों का व्यापक पैमाने पर दुरुपयोग करने तथा भ्रष्ट तरीके से चुनाव जीतने का आरोप लगाया। उपलब्ध साक्ष्यों एवं विधिक दलीलों के आधार पर न्यायालय ने इसे सही पाया। न्यायालय ने यह पाया कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा चुनाव जीतने के लिए चुनाव आचार संहिता और जन प्रतिनिधित्व अधिनियम का उल्लंघन किया गया है। सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग करने के कारण 12 जून 1975 को धारा 123 (7) के तहत इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने इंदिरा गांधी के निर्वाचन को रद कर दिया और उन्हें अगले 6 वर्षों तक चुनाव



लड़ने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया। इस फैसले के विरुद्ध सर्वोच्च न्यायालय से भी उन्हें राहत नहीं मिली। सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश वीआर कृष्ण अय्यर ने इंदिरा गांधी की सदस्यता तो बरकरार रखी, लेकिन संसद में बहस करने तथा वोट देने के अधिकार से उन्हें वंचित कर दिया।

## इंदिरा गांधी ने देश पर आपातकाल थोपा

लोकतांत्रिक परंपराओं और नैतिकता का तकाज़ा तो यह था कि इंदिरा गांधी को अपने पद से त्यागपत्र देकर न्यायालय के निर्णय का सम्मान करना चाहिए था, परंतु उन्होंने लोकतंत्र का गला घोंटते हुए 25 जून, 1975 को देश पर आपातकाल थोप दिया। आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के लिए कलंक का एक ऐसा काला दौर रहा, जिसमें संवैधानिक नियमों की सरेआम धज्जियां उड़ाई गईं। सब प्रकार के मौलिक अधिकारों को निरस्त कर दिया गया, प्रेस की स्वतंत्रता छीन ली गई, शासन ने निरंकुशता की सारी हदें लांघते हुए न केवल राजनीतिक विरोधियों पर, बल्कि आम जनमानस पर भी अन्याय-अत्याचार के भयानक कहर बरपाए, अभिव्यक्ति की आजादी तो दूर, जीने तक की स्वतंत्रता संकट में पड़ गई। आपातकाल का विरोध करने वाले कई शख्सियतों को सरकारी उत्पीड़न व अत्याचार के कारण प्राण गंवाने पड़े। कर्नाटक की सुप्रसिद्ध अभिनेत्री स्नेहलता रेड्डी तथा संघ के तत्कालीन अखिल भारतीय व्यवस्था प्रमुख पांडुरंगपंत क्षीरसागर भी उनमें से एक थे। प्रसिद्ध समाजवादी नेता जॉर्ज फर्नांडिस के भाई लॉरेंस फर्नांडिस को पुलिस ने कैद में इतनी यातनाएं दीं कि अगले कई महीने तक वे चलने-फिरने के काबिल नहीं रहे। हजारों-लाखों लोग अकारण जेल में ठूंस दिए गए, उनकी संख्या इतनी अधिक थी कि विद्यालयों-विश्वविद्यालयों एवं सरकारी भवनों तक को जेल की अस्थाई काल-कोठरी में तब्दील करना पड़ा।

## संविधान में मनमाने परिवर्तन किए गए

विरोधी विचारधारा वाली तमिलनाडु और गुजरात की सरकारें बर्खास्त कर दी गईं। भारत की सदियों पुरानी परंपरा और संविधान-सभा की सम्मति व निष्कर्ष के विरुद्ध जाकर संविधान में मनमाने परिवर्तन कर दिए गए। येन-केन-प्रकारेण सत्ता में बने रहने के लिए लोकसभा, राज्यसभा और विधानसभा का कार्यकाल 5 वर्ष से बढ़ाकर 6 वर्ष का कर दिया गया। न्यायालयों के अधिकार सीमित कर दिए गए। विपक्ष विहीन संसद में लोकसभा से 2 नवंबर 1976, राज्यसभा से 11 नवंबर, 1976 को 42वां संविधान संशोधन विधेयक पारित करा, 3 जनवरी 1977, को आनन-फानन में उसे लागू कर दिया गया।

यहां तक कि उस संशोधन के अन्तर्गत संविधान की मूल आत्मा यानी प्रस्तावना में परिवर्तन करते हुए 'धर्मनिरपेक्ष' व 'समाजवादी' शब्द बिना किसी चर्चा के जोड़ दिए गए। सामान्यतः प्रस्तावना को अपरिवर्तनीय माना जाता है, क्योंकि वह संविधान की नींव या आधार मानी जाती है। उल्लेखनीय है कि संविधान-सभा (1946-10949) की बैठकों में 'धर्मनिरपेक्ष (सेकुलर)' और 'समाजवादी' शब्द को सम्मिलित करने को लेकर पर्याप्त चर्चा हुई थी।

संविधान-सभा के सदस्य खुशाल तालाक्षी शाह यानी केटी शाह ने प्रस्तावना में 'धर्मनिरपेक्ष' व 'समाजवादी' शब्द जोड़ने का संशोधन रखा था। उन्होंने नवंबर और दिसंबर 1948 सहित तीन बार इन शब्दों को प्रस्तावना में शामिल करने की वकालत की। उनकी मांग थी कि अनुच्छेद 1 में यह उल्लखित हो कि 'भारत एक धर्मनिरपेक्ष, संघीय व समाजवादी राज्यों का संघ है।' परंतु संविधान की प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ. भीमराव आंबेडकर एवं संविधान-सभा के अन्य अनेक सदस्यों ने ठोस तर्कों व दृष्टांतों के आधार पर न केवल इसे अस्वीकृत कर दिया, अपितु इसे अनावश्यक एवं भारतीय परंपरा-संस्कृति के प्रतिकूल बताया।

## संविधान-संशोधन के प्रस्ताव का विरोध

डॉ. आंबेडकर का मानना था कि संविधान को एक ऐसे दस्तावेज के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, जो देश की भावी पीढ़ियों पर एक विशेष प्रकार का सामाजिक दर्शन या आर्थिक विचारधारा थोपता हो। उन्होंने केटी शाह के प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'राज्य की नीति क्या होनी चाहिए, समाज को उसके सामाजिक और आर्थिक पक्ष में कैसे संगठित किया जाना चाहिए, ये ऐसे मामले हैं, जिनका निर्णय लोगों को समय और परिस्थितियों के अनुसार स्वयं करना चाहिए।' उनके अनुसार, भारत के संविधान की प्रस्तावना में समाजवाद जैसी विचारधारा को संहिताबद्ध कर देने से भविष्य की पीढ़ियों द्वारा अपना रास्ता स्वयं चुनने की स्वतंत्रता बाधित और प्रतिबंधित होगी, जो एक जीवंत, गतिशील एवं उत्तरदायी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए अनुचित एवं अव्यावहारिक है। उन्होंने 'समाजवादी' शब्द की अप्रासंगिकता सिद्ध करते हुए कहा था कि राज्य के नीति निदेशक तत्त्व में समानता, शोषणमुक्त और श्रम को सम्मान देने वाले प्रावधानों की प्रचुरता है। उन्होंने संविधान के अनुच्छेद 31 की ओर संकेत करते हुए कहा कि इसमें धन के संकेंद्रण को रोकने और समान काम के लिए समान वेतन की रूपरेखा दी गई है, जो प्रकारांतर से एक समाजवादी प्रावधान ही है।

## 'समाजवाद' और 'धर्मनिरपेक्षता' का मुद्दा

उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में पूछा था, 'यदि ये निर्देशक सिद्धांत.......अपनी दिशा और विषयवस्तु में समाजवादी नहीं हैं तो मैं यह नहीं समझ पा रहा हूँ कि समाजवाद और क्या हो सकता है! 'समाजवाद' की तरह ही संविधान-सभा के अधिकतम सदस्य 'धर्मनिरपेक्षता' को प्रस्तावना में सम्मिलित किए जाने के पक्ष में नहीं थे। डॉ. आंबेडकर, अल्लादी कृष्णस्वामी अय्यर, सी राजगोपालाचारी, स्वयं जवाहरलाल नेहरू जैसे तमाम सदस्य इसके विरुद्ध थे। डॉ. आंबेडकर का कहना था कि धर्मनिरपेक्षता के विचारों को विभिन्न अनुच्छेदों में लागू किया गया है, जो धार्मिक स्वतंत्रता और राज्य के किसी विशेष धर्म के साथ गैर-संरेखण (नॉन एलाइनमेंट) से संबंधित थे।

मसलन अनुच्छेद 19, अनुच्छेद 16 आदि धर्म के आधार पर किसी भी व्यक्ति के साथ भेदभाव को प्रतिबंधित करते हैं। जवाहरलाल नेहरू समेत संविधान-सभा के अधिकतम सदस्यों में इस बात को लेकर आम सहमति थी कि धर्मनिरपेक्षता (सेकुलरिज्म) पश्चिम या यूरोप से आयातित विचार है, जो मुख्य रूप से वहां की धार्मिक सत्ता (चर्च) व राज्यसत्ता (स्टेट) के बीच हुए शक्ति-संघर्ष की कोख से उपजा है। भारत में इन दोनों सत्ताओं के मध्य संघर्ष का कोई इतिहास नहीं मिलता।

## आपातकाल की भूलों पर पुनर्विचार की बात

भारत की सनातन परंपरा में धर्म - किसी पंथ, संप्रदाय, मजहब या रिलीजन से परे - एक सार्वभौमिक व उदार अवधारणा है। धर्म का अर्थ है - मनुष्यता के लिए धारण करने योग्य तत्त्व। जबकि अब्राहमिक मत (ईसाई, इस्लाम, यहूदी) मज़हब या रिलीजन की उस परिभाषा में बंधे हैं, जहां केवल एक ग्रंथ, एक पैगंबर, एक सत्य की बात होती है और अन्य को अस्वीकार किया जाता है। यह सोच संघर्ष, श्रेष्ठताबोध और असहिष्णुता को जन्म देती है। पश्चिम का अंधानुकरण करते हुए धर्मनिरपेक्षता को संविधान की प्रस्तावना में सम्मिलित करना न्यायसंगत नहीं है। अतः राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले यदि संविधान की मूल भावना व आपातकाल की भूलों पर पुनर्विचार की बात करते हैं, तो उसे आलोचना नहीं, बल्कि विमर्श की स्वस्थ भारतीय परंपरा व आत्मावलोकन के रूप में देखा जाना चाहिए। भारतीय लोकतंत्र में बहस की पूरी गुंजाइश है, इसका सवागत होना चाहिए।

# समाजवादी-धर्मनिरपेक्ष शब्दों की समीक्षा हो



विमर्श
प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार व साहित्यकार

आपातकाल में जब भारतीय लोकतंत्र कारागारों में बंधक था, तब 1976 में संविधान की प्रस्तावना में 42वें संविधान संशोधन अधिनियम के तहत बदलाव किया गया, जिसमें 'समाजवादी', 'धर्मनिरपेक्ष' और 'अखंडता' शब्द जोड़ दिए गए थे। अब इन शब्दों को विलोपित करने की मांग राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने उठा दी है। केंद्र सरकार से इन शब्दों की समीक्षा करने का आह्वान संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने किया है। इस मांग के समर्थन में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सुर मिलाते हुए कहा कि 'संविधान की प्रस्तावना परिवर्तनशील नहीं है, लेकिन भारत में आपातकाल के दौरान इसे बदल दिया गया, जो संविधान निर्माताओं की बुद्धिमता के साथ विश्वासघात का संकेत है, जो शब्द जोड़े गए, वे नासूर थे और उथल-पुथल पैदा कर सकते हैं। यह बदलाव हजारों वर्षों से इस देश की सभ्यतागत संपदा और ज्ञान को कमतर आंकने के साथ सनातन की भावना का अपमान भी है। प्रस्तावना संविधान का बीज होती है। इसी के आधार पर संविधान की मूल भावना विकसित होती है। भारत के अलावा किसी दूसरे देश में संविधान की प्रस्तावना में बदलाव नहीं किया गया। अतएव यह बदलाव न्याय का उपहास है।

## सनातन संस्कृति और सभ्यता

भारतीय समाज के बहुलतावादी धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्वरूप को ध्यान में रखते हुए संवैधानिक गणराज्य की नींव रखी थी। इसीलिए मूल संविधान में भारतीय परंपरा, संस्कृति, आध्यात्म जैसे ऊर्जावान तत्वों का समावेश संभव हुआ। तब संविधान निर्माताओं ने सोचा था कि भारत की संस्कृति, संस्कार और सभ्यतामूलक इतिहास के प्रवाह को भी विभिन्न छवियों के द्वारा स्थान मिलना चाहिए। तब उस समय के प्रसिद्ध चित्रकार नंदलाल बोस से आग्रह कर हजारों वर्षों की सांस्कृतिक सभ्यता के चित्रों की संविधान में जीवंत प्रस्तुति संभव हुई। इस क्रम में मोहनजोदड़ों के चित्रों से लेकर वैदिक युग के गुरुकुल हैं। मौलिक अधिकार के अध्याय में प्रभु राम, सीता और लक्ष्मण का चित्र है। चूंकि राम मौलिक अधिकारों की रक्षा के साथ रामराज्य के प्रतीक हैं। इसलिए उनका चित्र तार्किक है। राज्य के नीति-निदेशक तत्व अध्याय में भगवान कृष्ण द्वारा गीता का उपदेश दिए जाने का चित्र है। यह चित्र एक हताश योद्धा को अपने कर्तव्य पालन के प्रति इंगित करता है। भगवान बुद्ध, महावीर, सम्राट विक्रमादित्य और नालंदा विश्वविद्यालय की चर्चा है। शिव के नटराज नृत्य की छवि प्रदर्शित है। इन चित्रों को छापना इसलिए संभव हुआ, क्योंकि संविधान निर्माताओं ने लोकतांत्रिक गणतंत्र के साथ भारतीय सनातन संस्कृति और सभ्यता को जानने पर जोर दिया था। क्या आज के परिप्रेक्ष्य में इन चित्रों का संविधान में प्रदर्शन संभव था?

## मूल संविधान की प्रस्तावना

दरअसल स्वतंत्रता के कुछ वर्ष बाद से केवल हिंदू और हिंदुओं से जुड़े प्रतिरोध को धर्मनिरपेक्षता मान लेने की परंपरा सी चल निकली थी। जबकि वास्तविकता तो यह है कि मूल संविधान की प्रस्तावना में 'धर्मनिरपेक्ष' और




'समाजवाद' शब्द थे ही नहीं। ये शब्द तो आपातकाल के दौरान 42वां संविधान संशोधन लाकर 'समाजवादी धर्मनिरपेक्ष संविधान अधिनियम 1976' के माध्यम से जोड़े गए थे। आपातकाल के बाद जब जनता दल की केंद्र में सरकार बनी तो यह सरकार 43वां संशोधन विधेयक लाकर सेक्युलरिज्म मसलन धर्मनिरपेक्षता की व्याख्या स्पष्ट करना चाहती थी, प्रस्तावित प्रारूप में इसे स्पष्ट करते हुए वाक्य जोड़ा गया था, 'गणतंत्र शब्द जिसका विशेषण 'धर्मनिरपेक्ष' है का अर्थ है, ऐसा गणतंत्र जिसमें सब धर्मों के लिए समान आदर हो,' लेकिन लोकसभा से इस प्रस्ताव के पारित हो जाने के बावजूद कांग्रेस ने इसे राज्यसभा में गिरा दिया था। अब यह स्पष्ट उस समय के कांग्रेसी ही कह सकते हैं कि धर्मों का समान रूप से आदर करना धर्मनिरपेक्षता क्यों नहीं है? गोया, इसके लाक्षणिक महत्व को दरकिनार कर दिया गया। शायद ऐसा इसलिए किया गया जिससे देश में सांप्रदायिक सद्भाव स्थिर न होने पाए और सांप्रदायिकता बनाम धर्मनिरपेक्षता को अनंतकाल तक वोट की राजनीति के चलते तुष्टिकरण के उपायों के जरिए भुनाया जाता रहे। साथ ही इसका मनमाने ढंग से उपयोग व दुरुपयोग करने की छूट सत्ता-तंत्र को मिली रहे। दुर्भाग्य से हमारे यहां नरेंद्र मोदी सरकार के पहले तक परस्पर तालमेल खंडित होता रहा है। अलगाव और आतंकवाद की अवधारणाएं निरंतर देश की संप्रभुता व अखण्डता के समक्ष खतरा बनकर उभरती रही हैं। राष्ट्रवाद और भारत माता की जय को भी संकीर्ण और अल्प-धार्मिक दृष्टि से देखा जाता रहा है। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में वामपंथी मानसिकता के चलते जिस तरह से देश के हजार टुकड़े करने के नारे लगते रहे और उन्हें अभियक्ति की आजादी के परिप्रेक्ष्य में संवैधानिक ठहराने की कोशिशें हुईं, उस संदर्भ में लगता है कि धर्मनिरपेक्षता और अभिव्यक्ति की आजादी के मायने राष्ट्रद्रोह को उकसाने और उन्हें संरक्षित करने के उपाय ही साबित हुए हैं। अतएव इस तरह की विकृतियों को आधार देने वाले संविधान के अनुच्छेदों में बदलाव जरूरी है। भारतीय संविधान जिस नागरिकता को मान्यता देता है, वह एक भ्रम है। सच्चाई यह है कि हमारी नागरिकता भी खासतौर से अल्पसंख्यक-बहुसंख्यक समुदायों में बंटी हुई है। लिहाजा इसका चरित्र उत्तरोत्तर सांप्रदायिक होता रहा है। हिंदु, मुसलमान और ईसाई भारतीय नागरिक होने का दंभ बढ़ता है। जबकि नागरिकता केवल देशीय मसलन भारतीय होनी चाहिए। यह इसलिए भी जरूरी है,क्योंकि भारत में 4635 समुदाय हैं, जिनमें से 78 प्रतिशत समुदायों की न सिर्फ भाषाई एवं सांस्कृतिक बल्कि सामाजिक श्रेणियां भी हैं। इन समुदायों में 19.4 प्रतिशत धार्मिक अल्पसंख्यक हैं। गोया, धर्मनिरपेक्षता शब्द को विलोपित किया जाना जरूरी है। वर्तमान में हमारे यहां धर्मनिरपेक्ष शब्द का प्रयोग अंग्रेजी के शब्द 'सेक्युलर' के अर्थ में हो रहा है। अंग्रेजी के ऑक्सफोर्ड शब्दकोश में इसका अर्थ 'ईश्वर' विरोधी दिया है।

## संविधान में धर्म की भी व्याख्या नहीं

भारत और इस्लामिक देश ईश्वर विरोधी कतई नहीं हैं। ज्यादातर क्रिश्चियन देश भी ईसाई धर्मावलंबी हैं। हां, बौद्ध धर्मावलंबी चीन और जापान जरूर ऐसे देश हैं, जो धार्मिक आस्था से पहले राष्ट्रप्रेम को प्रमुखता देते हैं। हमारे संविधान की मुश्किल यह भी है कि उसमें धर्म की भी व्याख्या नहीं हुई है। नतीजतन धर्मनिरपेक्षता की व्याख्या को किसी एक इबारत में बांधना असंभव है। इसीलिए श्रीमद्भागवत गीता में जब यक्ष धर्म को जानने की दृष्टि से प्रश्न करते हैं तो धर्मराज युधिष्ठिर का उत्तर होता है, 'तर्क कहीं स्थिर नहीं हैं, श्रुतियां भी भिन्न-भिन्न हैं। अतएव धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी जैसे शब्दों को संविधान की प्रस्तावना से विलोपित करके उसे मूल स्वरूप में लाने की जरूरत है।

# मूल प्रस्तावना को बहाल करने की मंशा



दो टूक
रवि शंकर
लेखक व पत्रकार


इमरजेंसी के बाद से ही गाहे-बगाहे यह बात उठती रही है कि संविधान की प्रस्तावना को उसके मूल रूप में स्थापित किया जाए। प्रस्तावना को मूल रूप में स्थापित करने का अर्थ यह है कि उसमें से 'धर्मनिरपेक्ष' और 'समाजवादी' शब्द हटाया जाए। भारतीय जनता पार्टी व संघ की ओर से समय-समय पर यह मुद्दा उठाया जाता है और इससे ऐसा प्रतीत होता है कि बीजेपी संविधान सभा द्वारा अंगीकार की गई मूल प्रस्तावना को वापस बहाल करने की स्पष्ट मंशा रखती है। इमरजेंसी के 50 साल पूरे होने के अवसर पर एक कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने फिर से यह प्रसंग छेड़ा है। उन्होंने कहा कि आपातकाल के दौरान संविधान में जोड़े गए समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता शब्द को हटाए जाने पर विचार करना चाहिए। उन्होंने फिर से एक नए विवाद को जन्म दे दिया। होसबाले ने कहा है कि कांग्रेस को 50 साल पहले इंदिरा गांधी सरकार की ओर से लगाए गए आपातकाल के लिए माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि संविधान की प्रस्तावना में समाजवादी और पंथनिरपेक्ष जैसे शब्द जोड़े गए थे। इन्हें हटाने के लिए भी बाद में प्रयास नहीं हुए, इसलिए इस पर चर्चा होनी चाहिए कि क्या इन शब्दों को रहना चाहिए या नहीं। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर ने जो संविधान बनाया, उनकी प्रस्तावना में ये दोनों शब्द नहीं थे। होसबाले के इस बयान का आरएसएस और बीजेपी के कुछ नेताओं ने भी समर्थन किया है।

## दोनों शब्दों से आपत्ति क्यों

दरअसल, संविधान में समाजवादी और धर्मनिरपेक्षता शब्द को शामिल करने के साथ ही इस पर विवाद शुरू हो गया था। इसके विरोधियों का मानना है कि संविधान के दर्शन में एक तरह से पहले से ही समाजवादी और धर्मनिरपेक्षता का स्पष्ट उल्लेख हुए बिना न्याय, समानता, स्वाधीनता और भाईचारे का विचार निहित है। कांग्रेस के आलोचक चिंता व्यक्त करते रहे हैं कि संविधान में अलग से इन शब्दों को शामिल किए जाने से इनका दुरुपयोग या फिर गलत व्याख्या की जा सकती है। कांग्रेस के विरोध वाली पार्टियां हमेशा इसे कांग्रेस के खिलाफ एक हथियार के रूप में इस्तेमाल करती रही हैं। अहम सवाल यह भी उठता है कि यदि इन दोनों शब्दों से इतनी आपत्ति थी तो इन्हें 1977 में आई जनता पार्टी की सरकार ने क्यों नहीं बदल दिया। उस वक्त 42वें संशोधन की तमाम चीजों को बदल दिया गया था। जानकारों का कहना है कि तत्कालीन मोरारजी देसाई की सरकार के कुछ सहयोगियों ने ही उस वक्त इन्हें हटाने से मना किया था क्योंकि उनके मुताबिक, इससे राजनीतिक रूप से काफी नुकसान होने की आशंका थी।

## कोर्ट ने रद कर दी थी याचिका

खैर, आरएसएस नेता की ओर से यह मांग तब आई है जब नवंबर 2024 में सुप्रीम कोर्ट ने 'समाजवादी' और 'धर्मनिरपेक्ष' शब्दों को प्रस्तावना से हटाने की मांग वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया था। कोर्ट ने कहा था कि ये शब्द



संविधान की मूल संरचना का हिस्सा हैं और इन्हें हटाना संविधान की भावना के खिलाफ होगा। यही नहीं, इन्हें हटाने के लिए संविधान में विशेष बहुमत की जरूरत होगी जो मौजूदा सत्तारूढ़ पार्टी के पास नहीं है। विपक्षी दलों का कहना है कि यही सब करने के लिए तो बीजेपी 'चार सौ पार' करने का मंसूबा पाले हुए थी, पिछले लोकसभा चुनाव में। हालांकि चार सौ पार हो जाते, तब भी ऐसा करना संभव नहीं था क्योंकि सुप्रीम कोर्ट कह चुका है कि ये शब्द संविधान के मूल ढांचे का भाग हैं। बात सिर्फ बहुमत तक की नहीं है। दरअसल, ये अपनी विचारधारा के पक्ष में जनमत बनाने की कोशिश की है। राम मंदिर का मामला देखिए। उन्हें पता था कि कहने से नहीं बन पाएगा, फिर भी 1989 से ही कहते चले आ रहे थे और फिर बन गया। तो उन्हें पता है कि आज नहीं तो कभी तो आएगी दो तिहाई बहुमत और जब तक नहीं आएगी, तब तक इसके जरिए बहुमत पाने की कोशिशें जारी रहेंगी।

अपनी विचारधारा मजबूत करने के लिए जनमत बनाने की कोशिश होती रहेगी। वैसे तो बीजेपी के लोग खुद को भी समाजवादी मानते हैं कि पार्टी की स्थापना ही 'गांधीवादी समाजवाद' के मूल्यों पर की गई थी लेकिन बीजेपी समाजवाद से संबंधित राजनीतिक पार्टियों से खुद को अलग दिखाना चाहती है। सुप्रीम कोर्ट में इस संबंध में याचिकाएं खारिज होने के बावजूद यह बहस चलती रही कि इन शब्दों को हटाया जाना चाहिए, लेकिन यह मांग तक ही सीमित रही, इससे आगे कोई संवैधानिक प्रक्रिया नहीं चली। हालांकि कहा ये जाता है कि ये शब्द हटाए जाएं या ना हटाए जाएं लेकिन हिन्दू राष्ट्र बनाने की राह में प्रस्तावना में निहित ये दोनों शब्द सबसे बड़ा रोड़ा हैं, खासकर पंथनरिपेक्ष। इसीलिए बार-बार इनकी चर्चा होती रहती है। संविधान को लेकर आरएसएस और बीजेपी की सोच चाहे जो रही हो लेकिन 2014 के बाद से ही बीजेपी संविधान से जुड़े मुद्दों पर बहुत सोच-समझकर बात करती है क्योंकि संविधान से जुड़े मुद्दे अक्सर उसके लिए राजनीतिक तौर पर नुकसानदायक साबित होते हैं। हाल ही में 2024 के लोकसभा चुनाव में उसके कुछ नेताओं ने संविधान बदलने की बातें कहकर विपक्ष को मौका दे दिया और बीजेपी उम्मीद से 160 सीटें नीचे चली आई।

2015 के बिहार विधानसभा चुनाव के वक्त आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत का 'आरक्षण की समीक्षा' वाला बयान बीजेपी भला कैसे भूल सकती है। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बार-बार 'संविधान का रक्षक और सम्मानकर्ता' होने का सबूत देना पड़ता है। ऐसे में संविधान की प्रस्तावना में जोड़े गए 'समाजवाद' और 'पंथनिरपेक्ष' शब्दों को हटाने की बहस की मांग कहां तक पहुंचेगी, यह कहना फिलहाल मुश्किल है। पिछले कुछ सालों में कई बार इन दोनों ही शब्दों को संविधान से हटाने की भी मांग की जा चुकी है। 'समाजवाद' और 'धर्मनिरपेक्षता' जैसे शब्दों को संविधान से हटाने की चर्चा समय-समय पर उठती रही है। संघ के महासचिव के बयान के बाद टकराव जाहिर है फिर से शुरू हो गया है। संघ के शब्दों में भारत का संविधान कभी भी 'मनुस्मृति से प्रेरित नहीं था।

## नए संविधान की बात

आरएसएस और बीजेपी बार-बार एक नए संविधान की बात करती आ रही हैं। यह तो साल 2024 में नरेंद्र मोदी के लोकसभा चुनाव प्रचार का मुद्दा भी था। लेकिन अब जब इस पर संवैधानिक पदों पर बैठे लोग खुलकर बोलने लगे हैं, तो यह बहस सिर्फ वैचारिक नहीं, बल्कि राजनीतिक रणभूमि बनती जा रही है। इस बयान के बाद अब निगाहें संसद के आगामी सत्र और राजनीतिक दलों की प्रतिक्रिया पर टिकी हैं। क्या यह सिर्फ एक विचारधारा की अभिव्यक्ति है या किसी बड़ी संवैधानिक पहल की प्रस्तावना- इसका जवाब आने वाले दिनों में और स्पष्ट होगा।

## खबर संक्षेप



### हम्पी की निगाह कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के क्वालीफाई पर

**बातुमी (जॉर्जिया)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी को फिडे विश्व महिला शतरंज कप में चौथी वरीयता दी गई है और वह खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेंगी। इस प्रतियोगिता में पहले तीन स्थान पर रहने वाली खिलाड़ी कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेंगी। चीन की लेई टिंगजी, जिनर झू और झोंगयी टैन शीर्ष तीन वरीयता प्राप्त खिलाड़ी हैं। हम्पी के साथ वे एशियाई चुनौती का नेतृत्व करेंगे। इस प्रतियोगिता में पिछले कुछ समय से एशियाई खिलाड़ियों का दबदबा देखने को मिल रहा है। कैंडिडेट्स में विजेता को अगली विश्व चैंपियनशिप में चीन की मौजूदा महिला चैंपियन वेनजुन जू को चुनौती देने का अधिकार मिलेगा। इस प्रतियोगिता में सर्वाधिक रेटिंग वाली 21 खिलाड़ियों को वरीयता दी गई है।

### सील्स की तूफानी गेंदबाजी, ऑस्ट्रेलिया को दिए शुरुआती झटके



**सेंट जॉर्ज (ग्रेनाडा)।** वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज जेडन सील्स ने ऑस्ट्रेलिया के दोनों सलामी बल्लेबाजों को आउट करके दूसरी टेस्ट क्रिकेट मैच को रोमांचक बनाए रखा। अपनी पहली पारी में 286 रन बनाने वाले ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में दो विकेट पर 12 रन बनाए हैं और इस तरह से उसकी कुल बढ़त 45 रन की हो गई है। वेस्टइंडीज ने अपनी पहली पारी में 253 रन बनाए, जिससे आस्ट्रेलिया को 33 रन की बढ़त मिली थी। सील्स ने पहले ओवर में सैम कोंस्टास को बोल्ड किया जो खाता भी नहीं खोल पाए।



### श्रीकांत सेमीफाइनल में, विश्व के छठे नंबर के खिलाड़ी चेन को दी मात


**मकैलगरी।** भारत के किदाम्बी श्रीकांत ने अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखते हुए कनाडा ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में चीनी ताइपे के शीर्ष वरीय चोऊ टिएन चेन पर सीधे गेम में जीत दर्ज करके पुरुष एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। विश्व चैंपियनशिप के पूर्व रजत पदक विजेता और इस साल मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में पहुंचने वाले श्रीकांत ने 43 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में विश्व के छठे नंबर के खिलाड़ी चेन को 21-18, 21-9 से हराया।

### अरोड़ा और विद्या सेफा में, पांच पदक पक्के

**बालाक्लावा (मॉरीशस)।** भारतीय क्यू खिलाड़ियों ने शनिवार को यहां शुरूआती राष्ट्रमंडल बिलियर्ड्स चैंपियनशिप में विभिन्न स्पर्धाओं में पांच पदक पक्के किए। हेबॉल में शिवम अरोड़ा (पुरुष) और विद्या पिल्लई (महिला) ने क्वार्टर फाइनल में एकतरफा जीत के साथ सेमीफाइनल में जगह बनाई। इसके बाद कीर्तना पांडियन ने 6-रेड स्नूकर में महिलाओं के सेमीफाइनल में जगह बनाई। उनके साथ एशियाई चैंपियन अनुपमा रामचंद्रन भी शामिल हो गईं। चित्रा मगिमाइराज ने महिलाओं के 10-बॉल पूल में अंतिम-चार चरण में पहुंचकर भारत के लिए पांचवां पदक पक्का किया। उन्होंने एलजेटा कोएन को 7-4 से शिकस्त दी।

# वनडे अंडर-19: सूर्यवंशी ने 52 गेंदों पर लगाई सेंचुरी, भारत ने श्रृंखला जीती

**नई दिल्ली।** प्रतिभाशाली वैभव सूर्यवंशी ने अपनी दमदार बल्लेबाजी से प्रभावित करना जारी रखते हुए युवा वनडे मैच का सबसे तेज शतक जड़ा जिससे भारत की अंडर-19 टीम ने शनिवार को यहां चौथे मैच में इंग्लैंड को 55 रन से हराकर श्रृंखला जीत ली। भारतीय अंडर-19 टीम ने इस तरह पांच मैचों की श्रृंखला में 3-1 से अजेय बढ़त बना ली। आईपीएल 2025 में शानदार प्रदर्शन करने वाले सूर्यावंशी ने 50 ओवर के प्रारूप में भी अपनी काबिलियत साबित की। उन्होंने सिर्फ 78 गेंदों की पारी में 13 चौके और 10 छक्कों की मदद से 143 रन बनाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 183 का रहा जिससे भारत ने नौ विकेट पर 363 रन बनाये। फिर इंग्लैंड की टीम को 45.3 ओवर में 308 रन पर समेट दिया। नमन पुष्पक ने 63 रन देकर तीन विकेट लिए।




### अर्धशतक सिर्फ 24 गेंदों पर पूरा किया

*वैभव ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे वनडे मैच में अपना अर्धशतक सिर्फ 24 गेंदों पर पूरा किया और इसके बाद उन्होंने अपना शतक 52 गेंदों पर लगाया। अपनी शतकीय पारी के दौरान वैभव के बल्ले से 8 छक्के और 10 चौके निकले। वैभव यूथ वनडे में भारत की तरफ से सबसे तेज शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज बने। इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे वनडे में वैभव 86 रन पर आउट हो गए थे और शतक से चूक गए थे, लेकिन चौथे मैच में उन्होंने इस कसर को पूरी कर ली और अपना शतक पूरा कर लिया। 14 साल के वैभव का यूथ वनडे मैचों में ये करियर का पहला शतक रहा। वैभव ने इस मैच में 78 गेंदों पर 143 रन की पारी खेली और इस दौरान उन्होंने 10 छक्के और 13 चौके लगाए। इस पारी के दौरान उनका स्ट्राइक रेट 183.33 का रहा।*

### बाउंड्री से बनाए 112 रन

इस मैच में वैभव ने दूसरे विकेट के लिए विहान मलहोत्रा के साथ मिलकर 219 रन की शानदार साझेदारी की और टीम इंडिया की स्थिति को बेहद मजबूत बना दिया। वैभव ने 143 रन की पारी के दौरान बाउंड्री के जरिए 112 रन बनाए। उन्होंने इंग्लिश गेंदबाजों की जमकर कुटाई की और हर तरफ बाउंड्री लगाए। वैभव ने इस वनडे सीरीज के पहले मैच में 19 गेंदों पर 48 रन जबकि दूसरे मैच में 34 गेंदों पर 45 रन की पारी खेली थी। इसके बाद उन्होंने तीसरे वनडे मैच में 31 गेंदों पर 86 रन बनाए जबकि चौथे मैच में उन्होंने 78 गेंदों पर 143 रन ठोक डाले।

### टीम इंडिया का बांग्लादेश दौरा टला, बीसीसीआई ने की पुष्टि


**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम अगस्त 2025 में बांग्लादेश में सीमित ओवरों की सीरीज के लिए नहीं जाएगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने इसकी पुष्टि कर दी है। बांग्लादेश दौरे को रिशेड्यूल करने का फैसला किया गया है। टीम इंडिया का बांग्लादेश दौरा टल गया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को यह कंफर्म कर दिया। पिछले कई दिनों से अगस्त 2025 में होने वाले बांग्लादेश दौरे को लेकर स्थगित करने की संभावना जताई जताई जा रही थी, जिसपर अब मुहर लग चुकी है। बताया जा रहा है कि पड़ोसी देश में चल रहे भू-राजनीतिक तनाव ने भी दौरे को स्थगित करने में भूमिका निभाई। भारत और बांग्लादेश के बीच तीन वनडे और तीन टी20 मैचों की सीरीज होने थी। बीसीसीआई और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने अब सीमित ओवरों की सीरीज को सितंबर 2026 में आयोजित करने का निर्णय लिया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने एक बयान में कहा, ''बीसीबी और बीसीसीआई ने अगस्त 2025 में बांग्लादेश और भारत के बीच होने वाली तीन वनडे और तीन टी20 इंटरनेशनल मैचों की सीरीज को सितंबर 2026 तक के लिए टालने पर आपसी सहमति जताई है।

## टेस्ट : 'रन मशीन' गिल और तेज गेंदबाजों ने भारत का पलड़ा भारी रखा

# शुभमन का शतक, भारत के 6 विकेट पर 427 रन, इंग्लैंड को 608 रन का लक्ष्य

एजेंसी ▶▶| बर्मिंघम

कप्तान शुभमन गिल (161 रन) के दूसरे शतक की बदौलत भारत ने शनिवार को यहां दूसरे क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन दूसरी पारी छह विकेट पर 427 रन बनाकर घोषित की और इंग्लैंड को जीत के लिए 608 रन का अंसभव लक्ष्य दिया। पर पांचवें दिन इंग्लैंड के बल्लेबाज मुश्किल में होंगे क्योंकि टीम ने दूसरी पारी में स्टंप तक 72 रन तक तीन विकेट गंवा दिए जिसमें दो विकेट आकाशदीप और एक विकेट मोहम्मद सिराज ने झटका। आकाशदीप ने खतरनाक बेन डकेट और जो रूट के विकेट झटके जबकि सिराज ने जाक क्राउले को आउटस्विंगर पर बैकवर्ड प्वाइंट पर कैच कराया। गिल ने चार पारियों में तीसरा शतक जड़कर रन बनाने का सिलसिला जारी रखा। उन्होंने पहली पारी में 269 रन बनाए थे। उनके अलावा दूसरी पारी में रविंद्र जडेजा (नाबाद 69), ऋषभ पंत (65) और केएल राहुल (55) ने अर्धशतक जड़कर योगदान दिया। भारत ने चाय के एक घंटे बाद दूसरी पारी घोषित की। हालांकि पारी घोषित करने के समय पर विशेषज्ञों और प्रशंसकों ने सवाल उठाए जिसमें चेतेश्वर पुजारा ने 'ऑन एयर' कहा कि भारत को कम से कम आधे घंटे पहले पारी घोषित कर देनी चाहिए थी। जब गिल के आउट होने के बावजूद पारी घोषित नहीं की गई तो 'होलीज स्टैंड' में इंग्लैंड के प्रशंसकों ने 'बोरिंग बोरिंग' के नारे लगाए। इसके तुरंत बाद हूटिंग शुरू हो गई। चाय से तुरंत पहले शतक तक पहुंचने वाले गिल ने शोएब बशीर और कामचलाऊ जो रूट की स्पिन जोड़ी के खिलाफ अपना आक्रामक रुख अपनाते हुए डीप स्क्वायर और मिड-विकेट पर स्वीप शॉट लगाए। गिल की 162 गेंद की पारी में 13 चौके और आठ छक्के शामिल थे जिससे उन्होंने मैच में 430 रन बनाए।




**एक टेस्ट में भारत के लिए सर्वाधिक स्कोर**

346* - शुभमन गिल बनाम इंग्लैंड, एजबेस्टन, 2025
344 - गावस्कर बनाम वेस्टइंडीज, पोर्ट ऑफ स्पेन, 1971
340 - लक्ष्मण बनाम ऑस्ट्रेलिया, कोलकाता, 2001
330 - सौरव गांगुली बनाम पाकिस्तान, बेंगलुरु, 2007
319 - वीरेंद्र सहवाग बनाम द.अफ्रीका, चेन्नई, 2008
309 - वीरेंद्र सहवाग बनाम पाक, मुल्तान, 2004

### गिल ने गावस्कर को पीछे छोड़ा

गिल ने किसी भी भारतीय के एक टेस्ट मैच में सबसे ज्यादा रन जुटाने के मामले में महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने 1971 में पोर्ट ऑफ स्पेन में वेस्टइंडीज के खिलाफ एक टेस्ट में 344 रन बनाए थे। वह गावस्कर के बाद एक ही टेस्ट में 200 और 100 रन बनाने वाले दूसरे भारतीय भी बने। विकेट अभी तक सपाट रहे जिससे रनों का पहाड़ बना। लेकिन भारत ने अभी तक दौरे में सात शतक बना लिए हैं जो किसी विदेशी श्रृंखला में अभूतपूर्व है।

### पंत हुए स्पेशल क्लब में शामिल, विदेशी जमीं में लगाए सबसे अधिक छक्के

बर्मिंघम में मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के चौथे दिन पंत अपनी 65 रन की पारी में पहला छक्का जड़ते ही स्पेशल क्लब में शामिल हो गए। पारी के 32वें ओवर की टांग्वे की करीब 140 किमी/घंटा की रफ्तार से आती शॉर्टपिच गेंद को पंत ने बैकवर्ड स्कवॉयर लेग के ऊपर से छक्के के लिए भेजा, तो इसी के साथ ही लेफ्टी बल्लेबाज टेस्ट इतिहास में विदेशी धरती पर सबसे ज्यादा छक्के जड़ने के मामले में बॉस बनते हुए दुनिया के शीर्ष 5 सुपर से ऊपर कारनामा करने के साथ ही ऋषभ पंत की एक तरह से बेन स्टोक्स के साथ रेस छिड़ गई है।

## छा गया हरियाणवी छोरा

### नीरज चोपड़ा एनसी क्लासिक के पहले सत्र के चैंपियन बने




भाषा ▶▶| बेंगलुरु

भारतीय भाला फेंक सुपरस्टार नीरज चोपड़ा ने शनिवार को विश्व स्तरीय प्रतियोगिता की मेजबानी और उसमें प्रतिस्पर्धा करने के अपने सपने को साकार करते हुए 'एनसी क्लासिक' का खिताब जीत लिया। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता 27 साल के चोपड़ा ने अपने माता-पिता की मौजूदगी में श्री कांतीरवा स्टेडियम में अपने तीसरे प्रयास में 86.18 मीटर की दूरी के साथ खिताब अपने नाम किया। चोपड़ा का यह लगातार तीसरा खिताब है। उन्होंने इससे पहले उन्होंने पेरिस डायमंड लीग (20 जून) और पोलैंड के ओस्ट्रावा में गोल्डन स्पाइक (24 जून) में खिताब जीता था। कीनिया के 2025 विश्व चैंपियन जूलियस येगो 84.51 मीटर के साथ दूसरे स्थान पर रहे जबकि श्रीलंका के रुमेश पथिरगे (84.34 मीटर) ने तीसरा स्थान हासिल किया। चोपड़ा ने बाद में कहा कि वह थ्रो की दूरी से खुश नहीं थे लेकिन हवा भरे हालात को देखते हुए वह संतुष्ट थे। उन्होंने प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ''निश्चित रूप से मैं जीतना चाहता था। मेरा लक्ष्य सफलतापूर्वक टूर्नामेंट पूरा करना था। यह आसानी से हो गया। चोपड़ा ने मई में दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर के थ्रो के साथ 90 मीटर की दूरी हासिल की थी। उन्होंने कहा, मुझे अच्छे परिणाम की उम्मीद थी, लेकिन हवा काफी तेज थी। मैं जीत कर खुश हूं। यह मेरे लिए मानसिक रूप से काफी मुश्किल था क्योंकि मुझे पता था कि लोग मुझसे जीत की उम्मीद कर रहे थे। मैं दो टूर्नामेंट में भाग लेने के बाद यहां आया था और इसलिए मुझ पर घरेलू दर्शकों के सामने प्रदर्शन करने का दबाव था।'' चोपड़ा ने कहा, ''हवा सामने से आ रही थी और दिशा भी बदल रही थी इसलिए यह मुश्किल स्थिति थी।'' उन्होंने स्वीकार किया कि पहले कुछ प्रयासों में हवा के विपरीत थ्रो करते समय उन्हें कुछ तकनीकी समस्याएं आई थीं। उन्हें अपने कोच और विश्व रिकॉर्डधारी जान जेलेजनी के साथ चर्चा करते देखा गया जो लगभग हर थ्रो के बाद कुछ मीटर की दूरी से स्टेडियम के कोने पर खड़े होकर देख रहे थे।

## गोल्ड

### भुल्लर और अजीतेश ने कट में बनाई जगह, नौ भारतीय चूके



एजेंसी ▶▶| रबात (मोरक्को)

भारतीय खिलाड़ियों में गगनजीत भुल्लर और अजीतेश संधू ही 20 लाख डॉलर इनामी इंटरनेशनल सीरीज मोरक्को में कट में जगह बना पाए, जबकि नौ अन्य खिलाड़ी आधे चरण में ही बाहर हो गए। एशियाई टूर पर सबसे सफल भारतीय गोल्फ खिलाड़ी भुल्लर ने अपने शुरूआती राउंड में 72 के बाद पार 73 का कार्ड बनाया और 36 होल के बाद उनका स्कोर एक अंडर 145 है, जिससे वह पार-73 रॉयल गोल्फ डार एस सलाम कोर्स पर संयुक्त 36वें स्थान पर हैं। संधू ने पहले दो राउंड में 74 और 73 का कार्ड खेला, जिससे उनका कुल स्कोर एक ओवर हो गया और वह संयुक्त 61वें स्थान पर पहुंच गए। कट एक ओवर पर ही गया।

कट से चूकने वाले भारतीयों में खलिन जोशी (74-74), राशिद खान (77-72), एस चिक्कारंगप्पा (75-75), एसएसपी चौरसिया (74-76), युवराज संधू (76-74), राहिल गंगजी (75-75), विराज मडप्पा (78-76), करणदीप कोचर (78-80) और अमन राज (79-79) शामिल हैं।

### कट में जगह बनाने वाली दीक्षा एकमात्र भारतीय



**किल्डारे (आयरलैंड)।** दीक्षा डागर दूसरे दौर में 73 का स्कोर बनाकर केपीएमजी महिला आयरिश ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में कट में जगह बनाने वाली एकमात्र भारतीय खिलाड़ी रहीं। दीक्षा पहले दो दौर के बाद संयुक्त 56वें स्थान पर थीं। यह लगातार 11वां मौका था जबकि उन्होंने किसी टूर्नामेंट के कट में जगह बनाई। इससे उनके प्रदर्शन में निरंतरता का पता चलता है। आयरिश ओपन में भाग लेने वाली भारत की अन्य तीन खिलाड़ी कट में जगह बनाने में असफल रहीं। इन खिलाड़ियों में अवनि प्रशांत (74) एक स्ट्रोक से चूक गईं और त्वेसा मलिक (78) और हिताशी बख्शी (83) काफी पीछे रहीं।

### युकी-गैलोवे तीसरे दौर में, बालाजी और बोलिपल्ली विम्बलडन से बाहर

भाषा ▶▶| लंदन

युकी भांबरी विम्बलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम में एकमात्र भारतीय बचे हैं जिन्होंने शनिवार को यहां अपने अमेरिकी जोड़ीदार रॉबर्ट गैलोवे के साथ मिलकर पुरुष युगल के तीसरे दौर में प्रवेश किया।

चैंपियनशिप में 16वीं वरीयता प्राप्त युकी-गैलोवे की जोड़ी ने पुर्तगाल के नूनो बोर्गेस और मार्कोस गिरोन को डेढ़ घंटे में 6-3, 7-6 (8-6) से शिकस्त दी। अब प्री क्वार्टर फाइनल में उनका सामना स्पेन के मार्सेलो ग्रैनोलर्स और अर्जेंटीना के होरासियो जेबेलोस से होगा। अन्य नतीजे भारत के पक्ष में नहीं रहे जिसमें एन श्रीराम बालाजी और रित्विक बोलिपल्ली अपनी-अपनी जोड़िदारों के साथ दूसरे दौर में हार कर टूर्नामेंट से बाहर हो गये। बालाजी और मैक्सिको के उनके जोड़ीदार मिगुएल रेयेस-वारेला ने चौथी वरीयता प्राप्त मार्सेल ग्रैनोलर्स और होरासियो जेबालोस की जोड़ी को कड़ी टक्कर दी लेकिन सीधे सेटों में हार गए। स्पेन-अर्जेंटीना की जोड़ी ने गैर वरीयता प्राप्त बालाजी और रेयेस-वारेला को एक घंटे 20 मिनट तक चले मुकाबले में 6-4, 6-4 से हराया। बोल्लिपल्ली और उनके कोलंबिया के उनके जोड़ीदार निकोलस बैरिएंटोस ने भी छठी वरीयता प्राप्त सैलिसबरी और नील स्कूपस्की की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी को कड़ी टक्कर दी। भारत और कोलंबिया के खिलाड़ियों की जोड़ी को हालांकि एक घंटे 47 मिनट के मुकाबले में 4-6, 6-7 से हार का सामना करना पड़ा।

### विंबलडन: सबालेंका ने राडुकानु को हराया यूएस ओपन चैंपियन के सफर को रोका

एजेंसी ▶▶| लंदन

शीर्ष रैंकिंग वाली एरीना सबालेंका ने विंबलडन में स्थानीय दावेदार एम्मा राडुकानु के शानदार सफर को विंबलडन में 7-6(6) 6-4 की जीत के साथ रोक दिया। ऑल इंग्लैंड क्लब में दो बार की सेमीफाइनलिस्ट सबालेंका ने दोनों सेटों में 2021 यूएस ओपन चैंपियन के खिलाफ जोरदार वापसी की।

राडुकानु 18 साल की उम्र में यूएस ओपन में एक क्वालीफायर के रूप में अपने खिताब के बाद से अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेल रही थीं। राडुकानु 74 मिनट के पहले सेट में एक समय 4-2 से आगे थी लेकिन सबालेंका ने अगले 12 में से 11 अंक हासिल कर 5-4 की बढ़त बना ली। राडुकानु इसके बाद टाईब्रेकर में भी 6-5 से आगे थी लेकिन सबालेंका ने शानदार वापसी कर अंतिम तीन अंक को जीत कर बढ़त कायम की। तीन बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सबालेंका ने इसके बाद दूसरे सेट में ब्रिटेन की खिलाड़ी को ज्यादा मौके नहीं दिए। सबालेंका पिछले लगातार तीन ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचीं, जिसमें उन्होंने पिछले साल सितंबर में यूएस ओपन जीता था।



## महिला क्रिकेट टी20: हरमनप्रीत आखिरी गेंद नहीं लगा पाई सिक्स

# इंग्लैंड ने रोमांचक जीत से रोका भारत का विजय अभियान

एजेंसी ▶▶| लंदन।

भारत की बल्लेबाजी अंतिम क्षणों में लड़खड़ा गई, जिससे इंग्लैंड ने तीसरे महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पांच रन से करीबी जीत दर्ज करके पांच मैच की श्रृंखला को जीवंत रखा। किया ओवल में खेले गए मैच में इंग्लैंड बल्लेबाजी के पतन और खराब क्षेत्ररक्षण के बावजूद भारत को जीत की हैट्रिक लगाने और श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने से रोकने में सफल रहा। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। सोफिया डंकले (75) और डैनी व्याट-हॉज (66) ने पहले विकेट के लिए 137 रन की साझेदारी करके उसे शानदार शुरुआत दिलाई, लेकिन इंग्लैंड ने 25 गेंदों में 31 रन के अंदर नौ विकेट गंवा दिए और इस तरह से आखिर में नौ विकेट पर 171 रन बनाए।



### बना वर्ल्ड रिकॉर्ड, इंग्लैंड के 25 गेंदों पर गिरे 9 विकेट

हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय वुमेंस टीम को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टी20। में भले ही 5 रन से हार का सामना करना पड़ा हो, मगर इस मैच में भारतीय गेंदबाज एक वर्ल्ड रिकॉर्ड बना गए। इंग्लैंड ने तेजी से रन बनाने के प्रयास में 25 गेंदों में 9 विकेट गंवा दिए और भारत के नाम वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज हो गया। 15.1 ओवर में जहां इंग्लैंड का स्कोर बिना किसी विकेट के 137 रन था, वहीं 19.2 ओवर में टीम ने 168 के स्कोर पर 9 विकेट गंवा दिए। इस दौरान तीन इंग्लिश बैटर खाता भी नहीं खोल पाईं, वहीं कुल 7 बैटर सिंगल डिजिट पर आउट हुईं। अनुराधा रेड्डी और दीप्ति शर्मा ने इस दौरान 3-3 विकेट चटकाए।


### इंग्लैंड की कप्तान नैट सिवर-ब्रंट बाहर

इंग्लैंड महिला टीम की कप्तान नैट सिवर-ब्रंट शनिवार को भारतीय महिला टीम के खिलाफ पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के शेष दो मैचों से चोटिल होने के कारण बाहर हो गईं।



उन्हें बाईं जांघ में चोट लगी है। इंग्लैंड टीम प्रबंधन ने बताया कि टैमी ब्यूमोंट श्रृंखला के बाकी दोनों मैचों में टीम की कमान संभालेंगी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25




## खबर संक्षेप

### युद्ध के बाद पहली बार सामने आए खामेनेई

**तेहरान (एजेंसी)।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई शनिवार को आशूरा से जुड़े एक शोक समारोह में शामिल हुए। ईरान-इजराइल युद्ध शुरू होने के बाद वह पहली बार सार्वजनिक से सामने आये थे।

### अभिनेता जूलियन मैकमोहन का निधन

**लॉस एंजिलिस।** 'फैंटास्टिक फोर' फिल्म में प्रसिद्ध मार्वल सुपरविलेन डॉ. डूम का किरदार निभाने वाले ऑस्ट्रेलियाई अभिनेता जूलियन मैकमोहन का कैंसर के कारण निधन हो गया। वह 56 वर्ष के थे।

### एनयूपी ने ओली सरकार से समर्थन वापस लिया

**काठमांडू (भाषा)।** नागरिक उन्मुक्ति पार्टी (एनयूपी) ने नेपाल में के पी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार से अपना समर्थन वापस लेने का फैसला किया है। पार्टी की अध्यक्ष रंजीता श्रेष्ठ ने शनिवार को यह जानकारी दी। नागरिक उन्मुक्ति पार्टी एक प्रमुख मधेसी पार्टी है।

### पुंछ में आतंकी ठिकाने का किया भंडाफोड़

**मेंढर/जम्मू(भाषा)।** जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में सुरक्षा बलों ने शनिवार को एक आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ किया। सुरनकोट के जंगलों में पुलिस और सेना के तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने ठिकाने से तीन हथगोले, एके असॉल्ट राइफल की 14 गोलियां, छह गोलियां और अन्य सामग्री बरामद की गईं।

## अर्जेंटीना में भव्य पारंपरिक स्वागत पर बोले पीएम मोदी

# संस्कृति के रिश्ते दिलों से बनते हैं...दूरियों से नहीं

*'मोदी-मोदी', 'जय हिंद' और 'भारत माता की जय' के लगे नारे*

"अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स स्थित अल्वियर पैलेस होटल पहुंचने पर भारतीय समुदाय ने गर्मजोशी से 'मोदी-मोदी', 'जय हिंद' और 'भारत माता की जय' के नारों के साथ पीएम मोदी का स्वागत किया। पीएम मोदी के स्वागत के दौरान भारतीय समुदाय ने पारंपरिक भारतीय शास्त्रीय नृत्य का प्रदर्शन किया गया, जिसमें भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की छाप दिखी। यह 57 वर्षों में किसी भारतीय पीएम की अर्जेंटीना की पहली द्विपक्षीय यात्रा है, जो भारत-अर्जेंटीना संबंधों में एक नया अध्याय जोड़ती है।"

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि सांस्कृतिक संबंधों के लिए दूरी कोई बाधा नहीं है। यह बात उन्होंने अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में अल्वियर पैलेस होटल पहुंचने पर भारतीय समुदाय द्वारा किए गए गर्मजोशी भरे और पारंपरिक स्वागत के बाद कही। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कुछ तस्वीरें साझा करते हुए लिखा कि सांस्कृतिक जुड़ाव के मामले में दूरी कोई बाधा नहीं है! ब्यूनस आयर्स में भारतीय समुदाय द्वारा किए गए शानदार स्वागत से सम्मानित महसूस कर रहा हूं।

यह देखना वाकई बहुत अच्छा है कि कैसे घर से हज़ारों किलोमीटर दूर, भारत की भावना हमारे भारतीय समुदाय के माध्यम से चमकती है। अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स स्थित अल्वियर पैलेस होटल पहुंचने पर भारतीय समुदाय ने गर्मजोशी से 'मोदी-मोदी', 'जय हिंद' और 'भारत माता की जय' के नारों के साथ पीएम मोदी का स्वागत किया। पीएम मोदी के स्वागत के दौरान भारतीय समुदाय ने पारंपरिक भारतीय शास्त्रीय नृत्य का प्रदर्शन किया गया, जिसमें भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की छाप दिखी। वहां मौजूद लोगों ने पीएम मोदी से ऑटोग्राफ भी लिया।

**57 साल में किसी भारतीय पीएम की पहली द्विपक्षीय यात्रा**



**मोदी ने सैन मार्टिन स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की**

*मोदी ने शनिवार को अर्जेंटीना के राष्ट्रीय नायक माने जाने वाले जनरल जोस डी सैन मार्टिन के स्मारक पर यहां पुष्पांजलि अर्पित की। जोस फ्रांसिस्को डी सैन मार्टिन वाई मटोरस को दक्षिण अमेरिकी देशों अर्जेंटीना, चिली और पेरू के मुक्तिदाता के रूप में भी जाना जाता है। इस स्मारक का निर्माण 1862 में फ्रांसीसी मूर्तिकार लुईस जोसेफ डौमास ने किया था। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि ब्यूनस आयर्स में जनरल जोस डे सैन मार्टिन को श्रद्धांजलि दी। उनके साहस और नेतृत्व ने अर्जेंटीना के इतिहास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।"*



### प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति जेवियर से मुलाकात की

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अर्जेंटीना के नेशनल हीरो और स्वतंत्रता सेनानी जनरल होसे डी सैन मार्टिन के स्मारक पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। दक्षिण अमेरिकी देशों- अर्जेंटीना, चिली और पेरू को आजादी दिलाने वाले सैन मार्टिन को मुक्तिदाता भी कहा जाता है। समारोह के बाद मोदी का स्वागत यहां अर्जेंटीना सरकार के मुख्यालय कासा रोसाडा में राष्ट्रपति जेवियर मिलेई ने किया। मोदी ने इसके बाद राष्ट्रपति जेवियर मिलई से मुलाकात की। राष्ट्रपति जेवियर ने राजधानी ब्यूनस आयर्स में प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया। मोदी और अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर ने ब्यूनस आयर्स में डेलिगेशन लेवल पर बातचीत की। मोदी और राष्ट्रपति मिलेई ने भारत और अर्जेंटीना के बीच व्यापार में विविधता लाने पर सहमति जताई तथा रक्षा, सुरक्षा, ऊर्जा और खनिज जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया, क्योंकि इससे एक-दूसरे के सामरिक हितों को पूरा किया जा सकेगा। मोदी ने यहां आने से पहले कहा था कि अर्जेंटीना लैटिन अमेरिका में एक प्रमुख आर्थिक साझेदार और जी 20 में एक करीबी सहयोगी है और वह राष्ट्रपति हावियर मिलेई के साथ चर्चा करने के लिए उत्सुक हैं, जिनसे उन्होंने पिछले साल मुलाकात की थी। मोदी यात्रा के चौथे चरण में मोदी 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए ब्राजील जाएंगे, उसके बाद राजकीय यात्रा करेंगे। अपनी यात्रा के अंतिम चरण में मोदी नामीबिया जाएंगे।*

- **अर्जेंटीना सरकार के मुख्यालय कासा रोसाडा में राष्ट्रपति जेवियर मिलेई ने मोदी का भव्य स्वागत किया**
- **खनिज, व्यापार एवं निवेश और ऊर्जा समेत विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की**

**रूस ने दागे तीन सौ से ज्यादा ड्रोन्स**

### यूक्रेन का रूस के एयरबेस पर हमले का दावा, विमानों को बनाया निशाना

एजेंसी ▶▶ कीव

यूक्रेन ने दावा किया है कि उसने शनिवार को रूसी एयरबेस पर हमला किया। वहीं रूस ने भी रात भर यूक्रेन पर सैकड़ों ड्रोन से बमबारी जारी रखी। रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने की कोशिशें अब कमजोर होती जा रही हैं और दोनों तरफ से हमले भी तेज हो गए हैं। यूक्रेन के सैन्य जनरल स्टाफ ने शनिवार को कहा कि यूक्रेनी बलों ने रूस के वोरोनिश क्षेत्र में बोरिसोग्लब्स्क एयरबेस पर हमला किया। इस एयरबेस पर रूस के एसयू-34, एसयू-35एस और एसयू-30एसएम जैसे लड़ाकू विमान तैनात बताए जाते हैं।



**रूस ने दागे तीन सौ से ज्यादा ड्रोन्स**

रूस ने भी शनिवार रात तक यूक्रेन में 322 ड्रोन्स से यूक्रेन पर हमला किया और यूक्रेनी इलाकों में बमबारी की। यूक्रेन का दावा है कि इनमें से 157 को मार गिराया गया और 135 संभवतः इलेक्ट्रॉनिक रूप से जाम कर दिए गए। यूक्रेन का पश्चिमी खमेलनित्सकी क्षेत्र रूस के निशाने पर था।

### सीमा पार से मादक पदार्थ-आतंकवाद मामले में हिजबुल प्रमुख समेत 11 के खिलाफ आरोप पत्र दायर

**जम्मू (भाषा)।** जम्मू-कश्मीर राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने यहां मादक पदार्थ-आतंकवाद मामले में पाकिस्तान स्थित हिजबुल मुजाहिदीन प्रमुख सैयद मोहम्मद यूसुफ शाह उर्फ सैयद सलाहुद्दीन समेत 11 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। एसआईए, जम्मू ने सबसे पहले 2022 में मामला दर्ज किया था और जांच में आतंकवादी सहयोगियों और एक ऐसे सुव्यवस्थित नेटवर्क का पता लगाया था, जो मादक पदार्थों की तस्करी और आतंकवादी गतिविधियों के लिए धन जुटाने में मदद कर प्रतिबंधित संगठन का सहयोग कर रहा था। मध्य कश्मीर के बडगाम के सिबुग गांव के निवासी सलाहुद्दीन, के अलावा बडगाम के खान साहिब इलाके का एक अन्य हिजबुल आतंकवादी बशारत अहमद भट का नाम भी आरोप पत्र में शामिल है। सलाहुद्दीन वर्तमान में सीमा पार से सक्रिय है, जबकि भट पाकिस्तान के रावलपिंडी से काम करता है।

- **एसआईए जम्मू ने सबसे पहले 2022 में मामला दर्ज किया था**




**Authorised Dealers: Ambala Cantt: Haryana Motors**, Ph: 9289923122, **Ambala City: Dhruv Hero**, Ph: 9289922868, **Assandh: Sandhu Hero**, Ph: 9289922815, **Bahadurgarh: Satvik Hero**, Ph: 9289922550, **Bhiwani: Jaya Hero**, Ph: 9289922056, **Ellenabad: Ajit Hero**, Ph: 9289922505, **Fatehabad: Shri Balaji Hero**, Ph: 9289922057, **Gharaunda: Laxmi Hero**, Ph: 9289922433, **Gohana: Krishna Hero**, Ph: 9289923026, **Hisar: Chaudhary Hero**, Ph: 9289922049, **Vikrant Hero**, Ph: 9289923082, **Jhajjar: Pushkar Hero**, Ph: 9289923147, **Jagadhari: Khanna Hero**, Ph: 9289922050, **Jind: National Hero**, Ph: 9289922061, **Kaithal: Chaudhary Hero**, Ph: 9289922062, **Karnal: Nirmal Hero**, Ph: 9289922048, **Kurukshetra: VPS Hero**, Ph: 9289922988, **Ladwa: Khanna Hero**, Ph: 9289922063, **Mandi Dabwali: Karan Hero**, Ph: 9289922490, **Nuh: Sunil Hero**, Ph: 9289923087, **Narnaul: Autodeals Hero**, Ph: 9289922058, **Narwana: Narwana Hero**, Ph: 9289923101, **Palwal: DevVaahan Hero**, Ph: 9289922877, **Panchkula: Regent Hero**, Ph: 9289923161, **Panipat: Kadian Hero**,Ph: 9289923182, **Sahib Hero**, Ph: 9289922059, **Pehowa: Saraswati Hero**, Ph: 9289922393, **Rewari: Virendra Hero**, Ph: 9289922060, **Rohtak: Shivam Hero**, Ph: 9289922047, **Sirsa: Khanna Hero**, Ph: 9289923195, **Sonipat: Sidak Hero**, Ph: 9289922865, **Yamuna Nagar: Rohit Hero**,Ph: 9289922394, **Faridabad: Sehgal Hero**, Ph: 9289922419, **Sehgal Hero, NIT**, Ph: 9289207333, **Gurgaon: Himgiri Hero**, Ph: 9289923046, **Autoneeds Hero**, Ph: 9289922051, **Jaasodha Hero**, Ph: 9289922495, **Sharma Hero, Basai Road Sector 11**, Ph: 9289923221, **Hansi: Sunil Motors**, Ph: 9821744694

RS/Hero/07/25